gradeup

Monthly GK Digest

September 2020

www.gradeup.co

मंथली डाइजेस्ट
सितम्बर-2020

प्रिय पाठकों,
यह मंथली डाइजेस्ट अपडेट "**सितम्बर-2020**" में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। इस फ़ाइल आगामी **बैंकिंग, एसएससी, रेलवे परीक्षा** और **साक्षात्कार** के लिए महत्वपूर्ण है।

बैंकिंग एवं वित्तीय जागरुकता

1. वेदांता ने 10000 करोड़ रुपये हेतु संबंद्ध (सिंडिकेटेड) लोन सुविधा के लिए **भारतीय स्टेट बैंक** के साथ करार किया है।
   नोट: संबंद्ध (सिंडिकेटेड) ऋण एक ऋणदाता समूह द्वारा बड़े कर्जदार को ऋण प्रदान करने के लिए दिया जाने वाला लोन है। एक ऋणदाता के रूप में भारतीय स्टेट बैंक (SBI) ने ने 5000 करोड़ रुपये की प्रतिबद्धता जताई है।
2. **ICICI बैंक** ने एक वर्चुअल संपत्ति प्रदर्शनी 'होम उत्सव' शुरू की है जो देश के प्रमुख शहरों के प्रसिद्ध डेवलपर्स द्वारा डिजिटल रूप से रियल एस्टेट परियोजनाएं प्रदर्शित करती है।
   नोट: यह प्रदर्शनी ICICI बैंक के ग्राहकों और अन्य लोगों के लिए भी उपलब्ध है। यह उन्हें बेहतर सुविधा प्रदान करती है, क्योंकि वे इन परियोजनाओं को अपने घर और कार्यालय से आसानी से ऑनलाइन देख सकते हैं
3. **ICICI प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी** ने गूगल असिस्टेंट पर एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) संचालित वॉइस चैटबॉट "LiGo" पेश किया है।
   नोट: इससे कंपनी के पॉलिसीधारक केवल वॉइस कमांड द्वारा अपने प्रश्न पूछ सकेंगे। यह ग्राहकों के लिए आसान और सुविधाजनक सर्विस टच-प्वाइंट प्रदान करता है। LiGo की कार्यप्रणाली का गूगल असिस्टेंट तक विस्तार कंपनी की ग्राहकों के पसंदीदा प्लेटफॉर्म पर आने और उन्हें एक शानदार अनुभव प्रदान करने की कार्यनीति का हिस्सा है।
4. **फेडरल बैंक** ने इनोविटी प्वाइंट ऑफ सेल (POS) टर्मिनलों के माध्यम से बैंक डेबिट कार्ड के सुविधाजनक और किफायती विकल्प प्रदान करने के लिए इनोविटी पेमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी की है।
   नोट: साझेदारी 1000 शहरों में 70,000 से अधिक इनोविटी पीओएस टर्मिनलों पर 7.5 मिलियन से अधिक फेडरल बैंक डेबिट कार्ड धारकों को समान मासिक किस्त (EMI) विकल्प प्रदान करेगी। यह साझेदारी COVID-19 संकट को देखते हुए है क्योंकि लोग अपने खर्च के प्रति सतर्क हैं और अभी भी अनिवार्य श्रेणियों जैसे स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और आईटी (कंप्यूटर और लैपटॉप) में किफायती विकल्पों की जरूरत होगी।
5. **आंध्र प्रदेश** राज्य सरकार को अपनी फसल बीमा कंपनी आंध्र प्रदेश जनरल इंश्योरेंस कंपनी (APGIC) बनाने के लिए बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (IRDA) से अनुमति मिली है।
   नोट: आंध्र प्रदेश बिहार, पश्चिम बंगाल जैसे कुछ राज्यों में से है जिन्होंने अपनी फसल बीमा योजनाएं चुनी हैं। आंध्र प्रदेश जनरल इंश्योरेंस कंपनी (APGIC) राज्य की YSR फ्री फसल बीमा योजना चलाएगी।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

6. **कोल इंडिया लिमिटेड (CIL)** ने लगभग 500 परियोजनाओं के विकास पर 1.22 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने का फैसला किया है।
नोट: इसमें देश में कोयला निकासी, अवसंरचना, परियोजना विकास, अन्वेषण और स्वच्छ कोयला प्रौद्योगिकियां शामिल हैं। निवेश का उद्देश्य भारत को कोयले के भंडार में आत्मनिर्भर बनाना और वर्ष 2023-2024 तक 1 बिलियन टन का उत्पादन लक्ष्य हासिल करना है।
7. **जीवन बीमा निगम (LIC)** ने पूरे भारत में सैन्य छावनी क्षेत्रों में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए एक समूह जीवन बीमा योजना "छावनी कोविड: योद्धा संरक्षण योजना" लॉन्च की है।
नोट: भारत में 62 छावनियों में केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं (CSS) के कार्यान्वयन में सुधार के लिए रक्षा मंत्रालय और रक्षा संपदा महानिदेशालय (DGDE) द्वारा आयोजित दो दिवसीय वेबिनार के दौरान लॉन्च की गई।
8. **यूरोपियन इनवेस्टमेंट बैंक** कानपुर की पहली मेट्रो लाइन के लिए 650 मिलियन पाउंड का निवेश करेगा।
नोट: उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (UPMRC) इस परियोजना के लिए प्रवर्तक वित्तीय मध्यस्थ है। 650 मिलियन पाउंड (5,551.99 करोड़ रुपये) का निवेश भारत में हरित अवसंरचना और संपर्क में EIB का 5वां निवेश है, इससे पहले भोपाल, पुणे, बैंगलोर और लखनऊ में निवेश हुआ है। यह निवेश भारत सरकार और उसके शहरी विकास 'स्मार्ट सिटी मिशन' को बढ़ावा देगा, क्योंकि कानपुर देश के पहले 100 नियोजित स्मार्ट शहरों में से एक है।
9. **पेपल इंडिया** के साथ डेटा सिक्योरिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (DSCI) ने 'फ्रॉड एंड रिस्क मैनेजमेंट इन डिजिटल पेमेंट्स' नामक रिपोर्ट जारी की है।
नोट: NASSCOM द्वारा स्थापित डेटा सुरक्षा पर सर्वोच्च संस्था डेटा सिक्योरिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (DSCI) ने पेपल इंडिया के साथ मिलकर 'फ्रॉड एंड रिस्क मैनेजमेंट इन डिजिटल पेमेंट्स' नामक एक रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट में उपभोक्ताओं, MSME, व्यवसायों के लिए सुरक्षित भुगतान का सुझाव दिया गया है, क्योंकि भारत में ई-कॉमर्स बाजार और UPI लेनदेन हाल के दिनों में कई गुना बढ़े हैं। इसने भुगतान परितंत्र में खतरों और इसकी रोकथाम पर भी चर्चा की।
10. राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 20-21 की पहली तिमाही में भारत की GDP वृद्धि में **23.9% का** संकुचन होने का अनुमान है।
नोट: यह मुख्य रूप से कोरोना वायरस महामारी के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए तिमाही के दौरान देश में सीमित आर्थिक गतिविधियों के कारण था। यह कम से कम चार दशकों में देश के लिए आर्थिक संकुचन का पहला उदाहरण है, और वर्ष 1996 में आंकड़ों के तिमाही प्रकाशन के बाद से भारत की पहली GDP गिरावट है।
11. उपकरण वित्त कंपनी, **SREI इक्युपमेंट फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड** ने भारत में जर्मन निर्यात की सुविधा हेतु KfW IPEX बैंक से 10 मिलियन यूरो का ऋण प्राप्त किया है।
नोट: इस व्यवस्था के माध्यम से, KfW IPEX बैंक भारतीय अवसंरचना परियोजनाओं में उपयोग के लिए आधुनिक और ऊर्जा-दक्षण विनिर्माण मशीनें प्रदान करेगा। एक जर्मन विनिर्माण मशीन निर्माता से वित्तपोषित मशीनरी में डामर मशीन, रोड पेवर्स और रोलर्स शामिल हैं, यह SREI द्वारा जारी एक बयान में कहा गया।
12. लेज़ीपे ने 'अभी खरीदो बाद में भुगतान करो' धारणा लेज़ी UPI लॉन्च किया है, इसकी क्रेडिट सीमा **एक लाख रुपये** है।
नोट: यह सुविधा उपयोगकर्ताओं को ओमनीचैनल नेटवर्क में UPI का उपयोग करके वास्तविक समय क्रेडिट का उपयोग करने की अनुमति देती है, जिसमें

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

ऑफलाइन व्यापारी और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म शामिल हैं। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि यह समाधान ऑनलाइन और ऑफलाइन प्लेटफार्मों तथा उच्च टिकट-साइट पे-लेटर विकल्पों में क्रेडिट तक आसान पहुंच के लिए बाजार मांग पर एक सामरिक प्रतिक्रिया है।

13. RBL बैंक ने **एम्पे पेमेंट सिस्टम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड** के साथ इंस्टेंट मनी ट्रांसफर (IMT) प्रणाली के माध्यम से ATM से कार्डलेस नकदी निकासी सुविधा शुरू की है।

नोट: यह सेवा RBL बैंक के ग्राहकों को देश भर के 389 IMT- सक्षम बैंक ATM या 40,000 से अधिक अन्य बैंक ATM से अपने डेबिट कार्ड के बिना नकदी निकालने में सक्षम बनाती है।

14. **SBI म्यूचुअल फंड** ने माता-पिता द्वारा अपने बच्चों के लिए निवेश करने हेतु एक ओपन-एंडेड फंड 'मैग्नम चिल्ड्रन्स बेनिफिट फंड - इनवेस्टमेंट प्लान' जारी किया है।

नोट: 8 सितंबर से शुरू हुई यह योजना, SBI मैग्नम चिल्ड्रन्स बेनिफिट फंड का एक हिस्सा है जिसमें वर्तमान में बचत योजना है, जो मुख्यत: ऋण-उन्मुख पेशकश है। 1 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए नई योजना उनकी 14 वर्ष आयु तक बढ़ जाएगी। कम से कम 5 वर्ष या बच्चे के वयस्क होने तक, जो भी पहले हो, लॉक-इन अवधि होगी।

15. हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार ने स्टेट रोड ट्रांसफॉर्मेशन प्रॉजेक्ट के कार्यान्वयन हेतु विश्व बैंक के साथ 82 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किया है।

नोट: परियोजना हिमाचल प्रदेश के परिवहन और सड़क सुरक्षा संस्थानों को मजबूत करेगी। इसका उद्देश्य राज्य सड़क नेटवर्क की स्थिति, सुरक्षा, लचीलापन और अभियांत्रिकी मानकों में सुधार करना है।

16. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, **बैंक ऑफ़ इंडिया** ने उच्च निवल संपत्ति वाले व्यक्तियों के लिए एक इंटरनेशनल कॉन्टेक्टलेस डेबिट कार्ड, "सिग्नेचर वीजा डेबिट कार्ड" लॉन्च किया है, जो 10 लाख रुपये और उससे अधिक की औसत तिमाही शेष राशि बनाए रखते हैं।

नोट: यह इंटरनेशनल कॉन्टेक्टलेस डेबिट कार्ड धातु और प्लास्टिक में उपलब्ध होगा। इस कार्ड में खर्च सीमा POS तथा ई-कॉमर्स पर 5 लाख रुपये और एटीएम पर 1 लाख रुपये होगी।

17. **महिंद्रा इंश्योरेंस ब्रोकर्स लिमिटेड** एक पोर्टल 'पेबीमा' शुरू करेगी जिसके माध्यम से वह अपने बीमा ब्रोकरेज के ग्राहकों को डिजिटल सेवाएं प्रदान करेगी।

नोट: यह महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (महिंद्रा फाइनेंस) की सहायक कंपनी है। पेबीमा महिंद्रा इंश्योरेंस ब्रोकिंग सेवाओं को एक "फिजिटल" मॉडल में बदलने में मदद करेगी, जो देश में 400 से अधिक स्थानों पर डिजिटल समूहन और निपटान सेवाओं के साथ इसके फीट-ऑन-द-स्ट्रीट एजेंटों को लाभान्वित करेगी।

18. **भारतीय स्टेट बैंक** भारत के जैविक कपास उत्पादकों के लिए ऋण उत्पाद 'SAFAL' लॉन्च करने की योजना बना रहा है।

नोट: बैंक व्यापार उत्पादन हेतु आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और मशीन लर्निंग (ML) का बड़े पैमाने पर उपयोग कर रहा है। वर्तमान में, बैंक में 40 से अधिक मशीन लर्निंग आधारित मॉडल हैं, जो यह व्यापार, जोखिम शमन, धोखाधड़ी प्रबंधन के लिए उपयोग करता है।

19. **बैंक ऑफ बड़ौदा** ने भारतीय बैंकिंग संघ (IBA) द्वारा तैयार इन्हैंस्ड एक्सेस एंड सर्विस एक्सीलेंस (EASE) बैंकिंग सुधार सूचकांक 2020 में शीर्ष स्थान हासिल किया है।

नोट: भारतीय स्टेट बैंक और ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स (OBC) को क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान मिला है। भारतीय बैंकिंग संघ (IBA) EASE (इन्हैंस्ड एक्सेस एंड सर्विस एक्सीलेंस) सुधार सूचकांक बनाता है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

20. फिच रेटिंग्स की भारतीय शाखा इंडियन रेटिंग्स एंड रिसर्च (Ind-Ra) द्वारा भारत के वित्त वर्ष 2021 के सकल घरेलू उत्पाद में **-11.8%** का पूर्वानुमान लगाया है।

नोट: रेटिंग एजेंसी का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2021 में आर्थिक नुकसान 18.44 लाख करोड़ रुपये होगा। रेटिंग एजेंसी को यह भी उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2022 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में उछाल आएगी और यह वर्ष दर वर्ष 9.9% की दर से बढ़ेगा जिसका मुख्य कारण वित्त वर्ष 2021 का कमजोर आधार है।

21. **मास्टरकार्ड** ने एक डिजिटल मुद्रा परीक्षण प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है जिसका उद्देश्य केंद्रीय बैंकों को उनकी डिजिटल मुद्राओं का परीक्षण करने में मदद करना है।

नोट: प्लेटफॉर्म केंद्रीय बैंकों को यह जांचने की सुविधा देगा कि प्रस्तावित केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्राएं (CBDC) वास्तविक जीवन में कैसे काम करेंगी। यह प्रणाली यह भी प्रदर्शित करेगी कि दुनिया भर में जहां भी मास्टरकार्ड स्वीकार्य है वहां उपभोक्ता वस्तुओं और सेवाओं के भुगतान के लिए केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्राओं का उपयोग कैसे कर सकते हैं।

22. क्रिसिल रिसर्च के अनुसार वित्त वर्ष 2020-21 में भारतीय अर्थव्यवस्था में **9%** तक संकुचन होगा।

नोट: क्रिसिल ने कोविड-19 के प्रसार पर अनिश्चितता और सरकार से पर्याप्त वित्तीय सहायता की कमी के कारण अपने पूर्वानुमान को 5% से कम कर दिया। वित्त वर्ष 2022 के लिए, क्रिसिल ने भारत की GDP के 10% से बढ़ने का अनुमान लगाया है।

23. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने **तीन वर्ष** की न्यूनतम निश्चित अवधि के लिए बैंकों में **मुख्य अनुपालन अधिकारी (CCO)** की नियुक्ति के दिशानिर्देश दिए हैं।

नोट: भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने बैंकिंग उद्योग में अनुपालन और जोखिम प्रबंधन के संबंध में एकसमान दृष्टिकोण सुनिश्चित करने के लिए बैंकों में मुख्य अनुपालन अधिकारी (CCO) की नियुक्ति के दिशा-निर्देश निर्धारित दिए हैं। CCO को ऐसी कोई जिम्मेदारी नहीं दी जाएगी जो हितों के टकराव को उत्पन्न करती है।

24. घरेलू रेटिंग एजेंसी, केयर रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष (2020-21) में भारतीय GDP में **8-8.2** प्रतिशत के संकुचन का अनुमान लगाया है।

नोट: यह कमी दर्शाती है कि सकल अचल पूंजी विनिर्माण में कमी के साथ-साथ वर्ष के दौरान पूंजीगत व्यय में कोई वृद्धि नहीं होगी। वित्त वर्ष 2021 में GVA वृद्धि का पूर्वानुमान -7.7% है।

25. ICICI प्रूडेंशियल लाइफ ने बीमा उत्पादों की पेशकश हेतु **NSDL पेमेंट्स बैंक** बैंक के साथ साझेदारी की है।क

नोट: समझौते के तहत, ICICI प्रूडेंशियल लाइफ NSDL पेमेंट बैंक के ग्राहकों को अपनी ग्राहक-केंद्रित सुरक्षा और बचत उत्पाद प्रदान करेगी।

26. **पंजाब नेशनल बैंक** ने अपने ग्राहकों के लिए COVID-19 संकट के कारण कम हुई ऋण की मांग को बढ़ाने के लिए 'फेस्टिवल बोनांजा ऑफर' शुरू किया है।

नोट: 'फेस्टिवल बोनांजा ऑफर' के तहत, बैंक अपने कुछ प्रमुख खुदरा उत्पादों जैसे आवास ऋण और कार ऋण पर सभी अग्रिम या प्रसंस्करण शुल्क और प्रलेखन शुल्क माफ करेगा।

27. **रिलायंस इंडिया लिमिटेड (RIL)** 200 बिलियन डॉलर के निशान को पार करने वाली पहली भारत कंपनी है।

नोट: रिकॉर्ड इंट्राडे उछाल के बाद मुंबई में दोपहर के कारोबार में कंपनी के शेयरों में 6.2 फीसदी की तेजी दर्ज की गई। एशिया के सबसे धनी व्यक्ति, मुकेश अंबानी चार वर्ष से कम समय में ग्राहकों के माध्यम से भारत के शीर्ष दूरसंचार नेटवर्क का सफलतापूर्वक निर्माण करने के बाद अब अपना ध्यान खुदरा बाजार की ओर केंद्रित कर रहे हैं, जिससे भारत के विशाल उपभोक्ता बाजार में एक प्रमुख स्थान हासिल करने की उम्मीद है।

28. **यस बैंक** ने इस वर्ष की शुरुआत में सामने आए संकटों के बीच RBI द्वारा एक विशेष तरलता सुविधा (SLF)

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

के रूप में प्रदान किए गए 50,000 करोड़ रुपये को पूरी तरह से चुका दिया है।

नोट: सरकार और RBI ने इस वर्ष मार्च में ऋणदाता के पूरे बोर्ड को बदल दिया था और जमाकर्ताओं को कुछ दिनों के लिए अपनी धनराशि निकालने से रोक दिया था। एक नया प्रबंधन स्थापित किया गया था, प्रतिबंध हटा दिए गए थे और इसने महामारी के दौरान 15,000 करोड़ रुपये की पूंजी जुटाई थी, जो इसे उधार परिचालन को पुन: शुरू करने में मदद करेगी।

29. Nvidia 40 बिलियन डॉलर में सॉफ्टबैंक की यूके स्थित चिप डिजाइनर शाखा का अधिग्रहण करेगी।

नोट: यह समझौता इस उद्योग में एप्पल और अन्य कंपनियों के लिए एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता को एक एकल कंपनी के नियंत्रण में रखता है और यह नियामकों तथा Nvidia प्रतिद्वंद्वियों से संभावित पुशबैक का सामना करेगा। Nvidia सॉफ्टबैंक को शेयरों में 21.5 बिलियन डॉलर और नकदी में 12 बिलियन डॉलर का भुगतान करेगा, जिसमें हस्ताक्षर के समय के 2 बिलियन डॉलर भी शामिल हैं। इस समझौते में सॉफ्टबैंक और 100 बिलियन डॉलर विजन फंड, जिसकी कंपनी में 25% हिस्सेदारी है, की Nvidia में 6.7% और 8.1% के बीच हिस्सेदारी होगी।

30. ICICI लोम्बार्ड ने यस बैंक के बीमा उत्पादों को बेचने के लिए एक बैंकएश्योरेंस समझौता किया है।

नोट: इस समझौते के माध्यम से, ICICI लोम्बार्ड का उद्देश्य यस बैंक के ग्राहकों को 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में नए बीमा समाधान प्रदान करना है। बैंकएश्योरेंस एक बैंक और बीमा कंपनी के बीच की एक समझौता है जो बीमा कंपनी को अपने उत्पादों को बैंक के ग्राहक आधार को बेचने की अनुमति देता है।

31. एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष (FY2020-21) में भारतीय GDP में 9 प्रतिशत के संकुचन का अनुमान लगाया है।

नोट: एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने कोविड-19 महामारी के प्रभाव के कारण भारत की GDP के वित्त वर्ष 2020-21 (FY21) में 9% तक संकुचित होने का अनुमान लगाया है, इसका पिछला पूर्वानुमान 5% संकुचन था। वित्त वर्ष 2022 (2021-22) के लिए, एसएंडपी को 6% की GDP वृद्धि की उम्मीद है और वित्त वर्ष 2023 (2022-23) के लिए, GDP वृद्धि 6.2% प्रस्तावित है।

32. SBI जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने यस बैंक के ग्राहकों को SBI जनरल इंश्योरेंस के उत्पाद वितरित करने के लिए बैंक के साथ एक कॉर्पोरेट एजेंसी समझौते पर हस्ताक्षर किया है।

नोट: यह साझेदारी ग्राहकों को उनके बेहतर अनुभव के लिए गैर-जीवन बीमा उत्पादों तथा सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है और ग्राहक मूल्य श्रृंखला में प्रौद्योगिकी को काम में लाता है। SBI जनरल इंश्योरेंस की ब्रांड शक्ति और अभिनव उत्पाद समूह के साथ मिलकर यस बैंक की अद्वितीय शाखा और डिजिटल बैंकिंग क्षमताएं यस बैंक के ग्राहक मूल्य प्रस्ताव को बढ़ाएंगी।

33. आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (OECD) वित्त वर्ष 2021 (2020-21) में भारतीय अर्थव्यवस्था के **10.2%** प्रतिशत तक संकुचित होने की उम्मीद जताई है।

नोट: आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (OECD) को भारतीय अर्थव्यवस्था के वित्त वर्ष 2021 (2020-21) में 10.2% तक संकुचित होने की उम्मीद है, जबकि जून में इसका पिछला अनुमान 16.7% था। वित्त वर्ष 2022 (2021-22) के लिए, पेरिस स्थित OECD ने भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के 10.7% से बढ़ने का अनुमान लगाया है।

34. घड़ी निर्माता टाइटन कंपनी ने भारत की पहली कॉन्टेक्टलेस घड़ी 'टाइटन पे' लॉन्च करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक के साथ साझेदारी की है।

नोट: इन घड़ियों का उपयोग करके, SBI के खाताधारक भुगतान करने के लिए कॉन्टेक्टलेस POS मशीनों पर

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

अपनी टाइटन पे घड़ी टैप कर सकते हैं। यह YONO SBI द्वारा संचालित है। RBI के दिशा-निर्देशों के अनुसार, इस प्रक्रिया के तहत बिना पिन डाले 2,000 रुपये तक का भुगतान किया जा सकता है।

35. एशियाई विकास बैंक के अनुसार वित्त वर्ष 2020-21 में भारत की अनुमानित GDP वृद्धि -10.2% होगी।

नोट: यह अनुमान ADB के -4% के पिछले अनुमान से अधिक खराब है। हालांकि, वित्त वर्ष 2022 (2021-22) के लिए, ADB भारत की GDP 8 प्रतिशत होने की उम्मीद करता है। ADB ने 2020 में विकासशील एशिया के लिए - 0.7 प्रतिशत सकल घरेलू उत्पाद (GDP) वृद्धि की उम्मीद की है, जो कि वर्ष 1962 के बाद पहली ऋणात्मक आर्थिक वृद्धि है।

36. **SBM बैंक (इंडिया) लिमिटेड** ने उच्च निवल संपत्ति ग्राहकों के लिए मास्टरकार्ड वर्ल्ड डेबिट कार्ड के साथ सहयोग किया है।

नोट: यह कुछ बेहतरीन खरीदारी और भोजन के अवसर सहित आला बैंकिंग समाधानों और पूर्ण प्रबंधित जीवनशैली विशेषाधिकारों के संयोजन को दर्शाता है। कस्टम बिल्ट कार्ड SBM बैंक इंडिया के प्राइवेट वेल्थ पेशकश के अतिरिक्त है।

37. UBS सिक्योरिटीज़ अनुमान के अनुसार भारत का GDP संकुचन 8.6% होने का अनुमान है।

नोट: UBS सिक्योरिटीज ने वर्ष 2020-21 (FY21) के लिए भारत की GDP के 8.6% से संकुचित होने का अनुमान लगाया है। (पहले यह -5.8% था)। वित्त वर्ष 2022 के लिए, UBS सिक्योरिटीज ने भारत की GDP के 10% से बढ़ने का अनुमान लगाया है। UBS सिक्योरिटीज एक चीनी निवेश बैंक और ब्रोकरेज कंपनी है जिसका मुख्यालय बीजिंग, चीन में है।

38. ICICI होम फाइनेंस ने दिल्ली के अनौपचारिक क्षेत्र में कुशल श्रमिकों जैसे इलेक्ट्रीशियन, मैकेनिक, पेंटर, किराना स्टोर मालिकों आदि के लिए "अपना घर ड्रीम्ज़" नामक एक नई होम लोन योजना शुरू की है।

नोट: इस लोन की क्रेडिट राशि 2 लाख से 50 लाख रुपये तक है। यह योजना उन दस्तावेजों के बिना अनौपचारिक क्षेत्र के लोगों के लिए है जो एक औपचारिक वित्तीय संस्थान से ऋण प्राप्त करने हेतु आवश्यक है।

39. DBS बैंक इंडिया ने 20 करोड़ रुपये तक की ऋण सुविधा के साथ लघु एवं मध्यम उद्यम (SME) व्यवसायों को आसान तरीके से ऋण प्रदान करने के लिए एक ऑनलाइन क्रेडिट समाधान प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है।

नोट: यह प्रमुख प्लेटफॉर्म सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को व्यापार ऋण तक पहुंच की सुविधा प्रदान करता है। 5 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण के लिए, ग्राहक बैंक विवरण, और IT (आयकर) रिटर्न अपलोड करके आसान ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से ऋण प्राप्त कर सकते हैं। यदि ऋण देने के मानदंड पूरे हो जाते हैं, तो प्लेटफॉर्म ई-ऑफर लेटर को ऑटो-जेनरेट करता है।

40. केनरा बैंक ने लीड मैनेजमेंट सिस्टम (LMS) - i-Lead 2.0 (इंस्पायरिंग लीड्स सिस्टम वर्जन 2.0) लॉन्च किया है।

नोट: यह प्रणाली ग्राहकों को उनके निवास स्थान पर ध्यान दिए बिना अपनी सेवाएं प्रदान करने के लिए लॉन्च की गई है। लीड मैनेजमेंट सिस्टम (LMS) के माध्यम से, ग्राहक इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, कॉल सेंटर, SMS और मिस्ड कॉल जैसे सरल तरीके से पूछताछ कर सकते हैं और सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं।

41. बंधन बैंक ने ग्राहकों के अनबैंक्ड और अंडरबैंक्ड सेगमेंट की उभरती जरूरतों में सहायता प्रदान करने के लिए नए वर्टिकल "इमर्जिंग एंटरप्रेनर्स बिज़नेस (EEB)" की स्थापना की है।

नोट: यह वर्टिकल ग्राहकों के इस सेगमेंट की उद्यमी बनने की यात्रा में सहायता करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। सूक्ष्म ऋणों के अलावा, वर्टिकल लघु आवास

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

ऋण, सूक्ष्म बाजार ऋण और लघु उद्यम ऋण का प्रबंधन भी करेगा।

42. IDFC म्यूचुअल फंड ने SIFI या 'SIP इन फिक्स्ड इनकम' नामक एक नया अभियान शुरू किया है।

नोट: निवेशकों को नियमित निवेश योजनाओं के माध्यम से नियत आय उत्पादों में निवेश के लाभ के बारे में अधिक जागरूक करने हेतु SIFI नामक नया अभियान शुरू किया गया है।

43. वोल्वो कार इंडिया ने खरीदारों को अपने वाहनों के लिए आसानी से वित्त प्राप्त करने में सक्षम बनाने हेतु वोल्वो कार फाइनेंशियल सर्विसेज लॉन्च करने के लिए HDFC बैंक के साथ साझेदारी की है।

नोट: यह सेवा कार की एक्स-शोरूम कीमत के 100% तक की वित्तीय सुविधा प्रदान करती है और विशिष्ट परिस्थितियों में बिना किसी प्रतिबंध शुल्क के आसान पुनर्भुगतान विकल्प प्रदान करती है। वोल्वो कार की फाइनेंसिंग के लिए यह एक तेज, लचीला और लागत-अनुकूल समाधान है।

44. गूगल पे ने टोकेनाइज़ेशन के माध्यम से कार्ड आधारित भुगतान की अनुमति देने के लिए वीजा के साथ भागीदारी की है।

नोट: टोकेनाइज़ेशन के माध्यम से, गूगल पे एंड्रॉइड यूजर अपने क्रेडिट या डेबिट कार्ड की जानकारी को साझा किए बिना अपने फोन से संबद्ध सुरक्षित डिजिटल टोकन के माध्यम से भुगतान करने के लिए अपने डेबिट या क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर सकते हैं। यह नियर-फील्ड कम्युनिकेशन (NFC) सक्षम प्वाइंट ऑफ सेल (PoS) टर्मिनलों और ऑनलाइन मर्चेन्ट पर टैप-टू-पे सुविधा के उपयोग की सुविधा भी प्रदान करेगा।

45. **भारतीय स्टेट बैंक** ने अपने ग्राहकों को गूगल पे प्लेटफॉर्म पर कार्ड का उपयोग करने में सक्षम बनाने के लिए गूगल के साथ करार किया है।

नोट: भुगतान स्मार्टफोन से संबद्ध एक "सुरक्षित डिजिटल टोकन" के माध्यम से किए जाते हैं ताकि किसी भी यूजर को कार्ड की जानकारी किसी भी विक्रेता से साझा न करनी पड़े। यूजर क्रेडिट कार्ड का उपयोग किए बिना अब अपने एंड्रॉइड स्मार्टफोन पर गूगल पे ऐप का उपयोग करके तीन मोड - नियर फिल्ड कम्युनिकेशन (NFC) सक्षम प्वाइंट-ऑफ-सेल टर्मिनल पर टैप-एंड-पे द्वारा, व्यापारिक केंद्रों पर भारत QR कोड को स्कैन करके और ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से कार्ड भुगतान कर पाएंगे।

46. भारतीय स्टेट बैंक ने बैंक में SHG फाइनेंस में बढ़ाने हेतु "महिला आत्मनिर्भरशील आचेनी" (महिला आत्मनिर्भरता कार्यक्रम) नामक एक कार्यक्रम शुरू किया है।

नोट: कार्यक्रम का मूल उद्देश्य आत्म-निर्भरता और आर्थिक उन्नति हेतु NRLM, असम द्वारा पोषित और प्रायोजित महिला SHG के लिए क्रेडिट लिंकेज बढ़ाने के अलावा SHG सदस्य के साथ एक मजबूत बॉन्डिंग बनाना है। असम की SBI शाखाओं ने NRLM द्वारा प्रायोजित 856 SHG को 38 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय की मंजूरी दी।

47. वीज़ा ने महिला उद्यमियों की सहायता करने के लिए अपने सहयोगी IFundWomen के साथ भारत में अनुदान कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है।

नोट: इस वर्ष अमेरिका में शुरू किए गए दो कार्यक्रमों के विस्तार के रूप में, भारत में महिला उद्यमियों को अब अपने व्यवसाय के विकास और विस्तार के लिए वीज़ा से निधि प्राप्त होगी। IFundWomen के साथ वीज़ा की साझेदारी महिला उद्यमियों को अनुदान श्रृंखला के माध्यम से आवश्यक धन सुरक्षित करने में सहायता हेतु की गई है।

48. HDFC लाइफ ने बीमा पॉलिसी बेचने के लिए यस बैंक के साथ एक कॉरपोरेट एजेंसी अरेंजमेंट (सीए) किया है।

नोट: अरेंजमेंट के भाग के रूप में, HDFC लाइफ यस बैंक के ग्राहकों को विभिन्न प्रकार के बीमा उत्पाद प्रदान करेगी। HDFC लाइफ के विभिन्न जीवन बीमा उत्पादों में सुरक्षा, बचत एवं निवेश, सेवानिवृत्ति और

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

गंभीर बीमारी के समाधान शामिल हैं। यह बैंक शाखाओं के माध्यम से यस बैंक के ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगा जो पूरे देश में फैली हुई हैं।

49. भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) ने **API होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड** द्वारा मेडलाइफ इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के 100% इक्विटी शेयरों के अधिग्रहण को मंजूरी दी है।

नोट: इसने प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 की धारा 31 (1) के तहत मेडलाइफ के शेयरधारकों द्वारा API होल्डिंग्स की 19.59% इक्विटी शेयर पूंजी के अधिग्रहण को भी मंजूरी दी। API सीधे या अपनी सहायक कंपनियों के माध्यम से थोक बिक्री और दवा वितरण; परिवहन तथा वितरण सेवाएं मुख्य रूप से फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में; ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म विकसित करने के लिए प्रौद्योगिकी और बौद्धिक संपदा स्वामित्व सहित विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियां करती है।

50. IDFC फर्स्ट बैंक एक कॉन्टेक्टलेस डेबिट कार्ड-आधारित भुगतान सुविधा "सेफपे" लॉन्च करेगा।

नोट: सेफपे बैंक द्वारा जारी किए गए डेबिट कार्ड का उपयोग करके सुरक्षित भुगतान हेतु IDFC फर्स्ट मोबाइल ऐप में नियर फील्ड कम्युनिकेशन (NFC) तकनीक स्थापित करता है। भुगतान करने का एक सामाजिक दूरी के अनुकूल तरीका, सेफपे एक व्यापारी को कार्ड सौंपने या इसे वॉलेट में ले जाने की आवश्यकता को पूरी तरह से समाप्त करता है।

51. शहरी सहकारी बैंकों के लिए, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने साइबर सुरक्षा विजन फ्रेमवर्क जारी किया है।

नोट: शीर्ष बैंक ने फ्रेमवर्क तैयार करने के लिए चार अलग-अलग मार्गदर्शक सिद्धांत अपनाए हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि क्षेत्रों, आकार, डिजिटल गहराई और वित्तीय स्थिति के मामले में भारत में UCB की विविधता बहुत विशाल है।

52. HDFC बैंक को WPP और कंतार द्वारा जारी 2020 BrandZ टॉप 75 मोस्ट वैल्यूएबल इंडियन ब्रांड्स रैंकिंग में भारत के सबसे वैल्यूएबल ब्रांड का दर्जा दिया गया है।

नोट: बैंक की ब्रांड वैल्यू 20.3 बिलियन डॉलर आंकी गई है, जो हालांकि पिछले वर्ष के मुकाबले 11% कम है। LIC, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एयरटेल, एशियन पेंट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, जिओ, फ्लिपकार्ट, पेटीएम और भारतीय स्टेट बैंक टॉप 10 मोस्ट वैल्यूएबल ब्रांड रैंकिंग में जगह बनाने वाले अन्य ब्रांड थे।

53. फिनो पेमेंट बैंक ने फिनटेक के साथ साझेदारी में विशाल जन पारगमन प्रणाली विशेष रूप से भारत में राज्य बस यातायात सेवाओं के लिए एनएफसी-आधारित संपर्क रहित भुगतान समाधान पेश किया है।

नोट: फिनो, जिसके पास गांवों में 2.75 लाख केंद्रों के बैंकिंग नेटवर्क का 80 प्रतिशत से अधिक है, का लक्ष्य विशाल जन पारगमन प्रणालियों में उपयोग की जाने वाले नकदी का डिजिटलीकरण करने के अवसर का उपयोग करना है। फिनो ने 30 लाख से अधिक एनएफसी स्मार्ट कार्ड पहले ही जारी किए हैं जो 20,000 महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में स्वीकार किए जाते हैं।

54. बैंक ऑफ बड़ौदा की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बीओबी फाइनेंशियल सॉल्यूशंस लिमिटेड (BFSL) ने 'वीडियो केवाईसी' के माध्यम से अपने ग्राहक सत्यापन को डिजिटल बनाने के लिए **Signzy** कंपनी का चयन किया है।

नोट: इस समझौते के साथ, BFSL ने अब एक तेज, कॉन्टेक्टलेस और पेपरलेस केवाईसी शुरू की है जो केवाईसी दस्तावेजों को भौतिक रूप से जमा करने की आवश्यकता को समाप्त करता है। यह वित्तीय सेवा प्रदाताओं के साथ-साथ उनके उपयोगकर्ताओं के लिए संपूर्ण केवाईसी प्रक्रिया में शुरू से अंत तक सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

55. नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (NCAER) ने वित्त वर्ष 2020-21 में भारतीय सकल

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

घरेलू उत्पाद में 12.6% प्रतिशत संकुचन का अनुमान लगाया है।

नोट: नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (NCAER) ने भारतीय अर्थव्यवस्था हेतु सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में 2020-21 (FY21) के लिए -12.6% संकुचन का अनुमान लगाया है, जबकि शेष तीन तिमाहियों में गिरावट की संभावना है। वर्ष 2021-22 के लिए, NCAER ने भारत की GDP के 7% से बढ़ने का अनुमान लगाया है।

56. SBI कार्ड ने इस कठिन दौर के दौरान जब सामाजिक दूरी एक मानक है, प्यार और देखभाल को साझा किया जा सकता है, यह संदेश फैलाने के लिए 'कॉन्टेक्टलेस कनेक्शंस' नामक अपना नया ब्रांड अभियान शुरू किया है।

नोट: अभियान यह दर्शाते हुए कि कि लोग सामाजिक दूरी की प्रथाओं जिससे हम बंधे हुए है, के बावजूद भावनात्मक रूप से जुड़ सकते हैं और खुशियां फैला सकते हैं, सकारात्मकता लाने का प्रयास करता है। SBI कार्ड द्वारा शुरू किए गए संपर्क रहित भुगतान, उपभोक्ताओं को बिना अपना कार्ड दिए या पिन दर्ज किए बिना सुरक्षित भुगतान करने के लिए अपना कार्ड या फोन घुमाकर या एक क्यूआर कोड स्कैन करके भुगतान करने की अनुमति देते हैं।

57. भारतीय रिजर्व बैंक की स्वीकृति के अनुसार किस लक्ष्मी विलास बैंक के दिन-प्रतिदिन के कार्य तीन स्वतंत्र निदेशकों वाली निदेशक समिति (CoD) द्वारा संचालित किए जाएंगे।

नोट: यह तब हुआ है जब बैंक के शेयरधारकों ने बैंक बोर्ड में सात निदेशकों की पुनर्नियुक्ति को अस्वीकार कर दिया, जिसमें इसके अंतरिम MD और CEO एस. सुंदर शामिल हैं। प्रस्तावित 10 में से तीन निदेशक हैं, जिन्हें बैंक के शेयरधारकों द्वारा पुनर्नियुक्ति के लिए चुना गया था।

58. बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) ने प्लेटफार्म पर सूचिबद्ध लघु एवं मध्यम उद्यमों (SME) को सशक्त बनाने के लिए यस बैंक के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: समझौते का उद्देश्य जागरूकता और जानकारी साझाकरण कार्यक्रमों के माध्यम से SME खंड को सशक्त बनाना है। समझौता ज्ञापन (MoU) के अनुसार, BSE और यस बैंक बैंकिंग तथा वित्तीय समाधान प्रदान करने के अलावा, SME के लिए जानकारी कार्यक्रम का आयोजन, SME का निर्यात संवर्धन करेंगे।

59. भुगतान एवं निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 के तहत भारत बिल पेमेंट ऑपरेटिंग यूनिट (BBPOU) की स्थापना के लिए RBI द्वारा वकरंगी लिमिटेड कंपनी को सैद्धांतिक मंजूरी दी गई है।

नोट: कंपनी ज्यादातर ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में स्थित अपनी शाखाओं के माध्यम से अपने साझेदार बैंकों, बीमा कंपनियों, सरकारी एजेंसियों, ई-कॉमर्स कंपनियों की ओर से बैंकिंग, बीमा, धन हस्तांतरण सेवाएं, ई-कॉमर्स, ई-गवर्नेंस और अन्य डिजिटल सेवाएं प्रदान करती है।

60. नाबार्ड देश के 2,000 गांवों में 'WASH' (वाटर, सैनिटाइज़ेशन एंड हाइज़ीन) पर साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छता साक्षरता अभियान (SLC) प्रारंभ कर रहा है।

नोट: अभियान का उद्देश्य स्वास्थ्य विज्ञान और स्वच्छता कार्यप्रणालियों को अपनाने के लिए महत्वपूर्ण व्यवहार परिवर्तनों को मन में बैठाने पर ध्यान केंद्रित करना है। अभियान 2 अक्टूबर से शुरू होगा और 26 जनवरी, 2021 तक चलेगा।

61. फिच सॉल्यूशंस ने भारतीय आर्थिक विकास के लिए अपने पूर्वानुमान को संशोधित करके घटा दिया है और अब भारत की GDP के 8.6 प्रतिशत तक संकुचित होने का अनुमान लगाया है।

नोट: वर्ष 2021 के लिए, UNCTAD ने भारतीय अर्थव्यवस्था के 3.9% से बढ़ने का अनुमान लगाया

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

है। यह अनुमान इसकी **ट्रेड एंड डेवलपमेंट रिपोर्ट 2020** में किया गया था।

62. यूनाइटेड नेशन्स कॉन्फ्रेंस ऑन ट्रेड एंड डेवलपमेंट (UNCTAD) ने भारत की GDP के 5.9 प्रतिशत से संकुचित होने का अनुमान लगाया है।

नोट: वर्ष 2021 के लिए, UNCTAD ने भारतीय अर्थव्यवस्था के 3.9% से बढ़ने का अनुमान लगाया है। यह अनुमान इसकी ट्रेड एंड डेवलपमेंट रिपोर्ट 2020 में किया गया था। आधार-रेखा परिदृश्य 2020 में वायरस के प्रसार को रोकने के लिए किए गए सख्त लॉकडाउन उपायों के कारण एक तेज मंदी है, जिसने देश भर में कई उत्पादक गतिविधियों को बंद कर दिया।

श्रद्धांजलियां

1. अनुभवी राजनीतिज्ञ और भारत के पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी का हाल ही में निधन हो गया ।

   नोट: उन्होंने भारत के गृह मंत्री के रूप में कभी कार्य नहीं किया। उन्होंने दो बार वित्त मंत्री और विदेश मंत्री का पद संभाला। वे 1982-84 और 2004-2012 तक वित्त मंत्री रहे। वे 1995-96 और 2006-2009 तक विदेश मंत्री रहे। उन्होंने 2004-2006 तक रक्षा मंत्री का पद भी संभाला।

2. प्रसिद्ध व्यक्तित्व जो रूबी का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी **एनीमेशन निर्माता** थे।

   नोट: वह केन स्पीयर्स के साथ टेलीविजन एनीमेशन प्रोडक्शन कंपनी रूबी-स्पीयर्स प्रोडक्शंस के संस्थापक थे। वे एनिमेटेड श्रृंखला स्कूबी-डू के सह-निर्माता के रूप में प्रसिद्ध हुए।

3. प्रख्यात महिला डॉ. एस पद्मावती का 103 वर्ष की आयु में COVID-19 के कारण निधन हो गया, वह एक अनुभवी **हृदय रोग विशेषज्ञ** थी।

   नोट: वह भारत की पहली महिला हृदय रोग विशेषज्ञ थीं और उन्हें "गॉड मदर ऑफ कार्डियोलॉजी" के नाम से जाना जाता था। वह नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट की संस्थापक थीं। उनका जन्म दुनिया में स्पैनिश फ्लू महामारी फैलने से एक वर्ष पहले बर्मा (अब म्यांमार) में वर्ष 1917 में हुआ था।

4. **इंग्लैंड के** प्रसिद्ध क्रिकेटर **डेविड कैपेल** जिनका हाल ही में निधन हो गया।

   नोट: उन्होंने 1987 में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया। कैपेल ने 1981-1998 तक नॉर्थम्पटनशायर के लिए 270 प्रथम श्रेणी मैच खेले। वह 77 वर्षों में इंग्लैंड के लिए टेस्ट खेलने वाले काउंटी में जन्मे पहले क्रिकेटर बने जब उन्होंने जुलाई 1987 में पाकिस्तान के खिलाफ पदार्पण किया।

5. एक ऐतिहासिक मामले केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य के याचिकाकर्ता केशवानंद भारती का हाल ही में निधन हो गया।

   नोट: वे **एड्नीर मठ, कासरगोड** के पुजारी थे। श्री केशवानंद भारती केरल के कासरगोड जिले में एड्नीर मठ के प्रमुख पुजारी थे। वह हिंदू दर्शन की स्मार्त भागवत परंपरा और अद्वैत वेदांत संप्रदाय के अनुयायी थे। उन्होंने 19 वर्ष की आयु में सन्यास लिया और अपनी मृत्यु तक पीठाधिपति के रूप में एड्नीर मठ का नेतृत्व किया।

6. **बेसबॉल के** प्रख्यात खिलाड़ी टॉम सीवर जिनका हाल ही में निधन हो गया।

   नोट: वह सत्र के खेलों के बाद NBC और ABC पर बुलाए जाने के चलते मैग्ज़ीन कवर और मीडिया में निरंतर बने रहने के साथ एक सक्रिय खिलाड़ी भी थे। सीवर को वर्ष 1992 में हॉल ऑफ फेम के लिए चुना गया था जिसमें उन्हें 430 में से 425 मतों के साथ रिकॉर्ड 98.84% मत मिले थे।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

7. **फिल्म निर्देशक** जिरी मेंजेल का हाल ही में निधन हो गया।

नोट: उनकी पहली फीचर फिल्म, 'क्लोजली वॉच्ड ट्रेन्स' ने 1968 में सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा फिल्म के लिए अकादमी पुरस्कार (ऑस्कर) जीता। मेंजेल ने आजीवन कलात्मक योगदान के लिए चेक लॉयन जीता और कार्लोवी वैरी फेस्टिवल द्वारा सम्मानित किए गए।

8. प्रख्यात **खगोलविद** (एस्ट्रोनॉमर) **गोविंद स्वरूप** का हाल ही में निधन हो गया।

नोट: वह टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च के नेशनल सेंटर फॉर रेडियो एस्ट्रोफिजिक्स के संस्थापक निदेशक थे। वह खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी के कई क्षेत्रों में अपने महत्वपूर्ण अनुसंधान योगदान के लिए जाने जाते हैं।

9. प्रसिद्ध **फिल्म निर्माता** जॉनी बक्शी का हाल ही में निधन हो गया।

नोट: अनुभवी निर्माता-निर्देशक, जॉनी बक्शी का निधन हो गया। उन्होंने अधिकतर एक निर्माता के रूप में काम किया और मंजिलें और भी हैं (1974), रावन (1984) और फिर तेरी कहानी याद आई (1993) जैसी फिल्मों के निर्माता रहे। उन्होंने दो फिल्मों डाकू और पुलिस (1992) और खुदाई (1994) का निर्देशन भी किया।

10. प्रख्यात **अभिनेता** जय प्रकाश रेड्डी का हाल ही में निधन हो गया।

नोट: वह पुलिस में एक उप-निरीक्षक के रूप में काम कर रहे थे जब उन्हें वेंकटेश की 1988 की फिल्म ब्रह्मा पुत्रुदु में अभिनय करने का अवसर मिला। उन्हें आखिरी बार महेश बाबू अभिनीत फिल्म 'सरिलेरु नीकेवेरु' (2020) में देखा गया था।

11. प्रसिद्ध **अभिनेत्री** डायना रिग का हाल ही में निधन हो गया।

नोट: ब्रिटिश अभिनेत्री डायना रिग, जिनका प्रभावशाली करियर प्रतिष्ठित 1960 के दशक की जासूसी श्रृंखला द एवेंजर्स से गेम ऑफ थ्रोन्स तक चला, का निधन हो गया। रिग ने 1967 में जेम्स बॉन्ड थ्रिलर ऑन हर मेजेस्टीज़ सीक्रेट सर्विस में अभिनय किया, जो एजेंट 007 से विवाह करने वाली एकमात्र महिला थी।

12. प्रसिद्ध **राजनीतिज्ञ एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री** रघुवंश प्रसाद सिंह का हाल ही में निधन हो गया।

नोट: वह भारत की 15वीं लोकसभा के सदस्य थे और बिहार के वैशाली निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते थे। सिंह ने प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के मंत्रिमंडल में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री के रूप में कार्य किया था।

13. प्रसिद्ध महिला कपिला वात्स्यायन का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी शास्त्रीय नृत्य विद्धान थीं।

नोट: डॉ. वात्स्यायन पूर्व संसद सदस्य और इंडिया इंटरनेशनल सेंटर (IIC) की आजीवन संरक्षक थीं। सांस्कृतिक अनुसंधान की महामाता डॉ. वात्स्यायन दशकों से कला के छात्रों और आम सौंदर्य संवेदियों के लिए एक आइकन हैं।

14. प्रख्यात खिलाड़ी सदाशिव पाटिल का निधन हो गया, वह **क्रिकेट** से संबंधित थे।

नोट: महाराष्ट्र के पूर्व क्रिकेटर सदाशिव पाटिल का निधन हो गया। उन्होंने केवल एक टेस्ट में भारत का प्रतिनिधित्व किया और 1952 और 1964 के बीच 36 प्रथम श्रेणी मैच खेले थे। उन्होंने 1952-53 सत्र के दौरान महाराष्ट्र के लिए प्रथम श्रेणी में पदार्पण किया और 1955 में ब्रेबॉर्न स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच खेला।

15. प्रसिद्ध व्यक्ति अमिताभ घोष का हाल ही में निधन हो गया, वह RBI के गवर्नर रह चुके थे।

नोट: वह भारतीय रिजर्व बैंक में सबसे कम समय तक (21 दिनों) सेवा देने वाले गवर्नर थे। उन्होंने 15 जनवरी 1985 से 4 फरवरी 1985 के बीच 21 दिनों तक भारतीय रिजर्व बैंक के 16वें गवर्नर के रूप में कार्य किया था।

16. रिपब्लिक ऑफ माली के पूर्व राष्ट्रपति जनरल मौसा त्रेओर का हाल ही में निर्धन हो गया।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट: उनका जन्म 1936 में कायेस, माली में हुआ था। वह एक पूर्व सैन्य नेता थे, जिन्होंने एक सैन्य तख्तापलट में शामिल होने के बाद, मोडिबो केइता (स्वतंत्रता के जनक के रूप में जाने जाते हैं) से बलपूर्वक शासन छीन लिया। हालांकि, मार्च 1991 में, वह स्वयं भारी विरोध प्रदर्शनों और एक सैन्य नियंत्रण से हटा दिए गए थे।

17. प्रसिद्ध व्यक्ति अशोक गस्ती का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी राजनीतिज्ञ थे।

नोट: पहली बार उन्होंने जुलाई, 2020 को राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ ली। उन्हें रायचूर जिले में भाजपा को संगठित करने का श्रेय दिया जाता है। पेशे से वकील और भाजपा के अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) प्रकोष्ठ के पूर्व महासचिव गस्ती कर्नाटक में पिछड़ा वर्ग विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष भी थे।

18. प्रसिद्ध व्यक्तित्व बाबू सिवान का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी तमिल फिल्म निर्माता थे।

नोट: उन्होंने निर्देशक धरणी के सहायक के तौर पर अपने करियर की शुरुआत की और 2009 में विजय और अनुष्का शेट्टी अभिनीत फिल्म वेत्तईकरण के साथ निर्देशन शुरू किया। बाद में, वह दैनिक कार्यक्रम रसाथी का निर्देशन भी कर रहे थे।

19. प्रसिद्ध व्यक्ति आंग रीता का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी पर्वतारोही थे।

नोट: उन्होंने दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वत पर सभी चढ़ाई 1983 से 1996 के बीच कीं और वह भी ऑक्सीजन सिलेंडर के बिना। इसलिए उन्हें अपने पर्वतारोहण कौशल के लिए "स्नो लेपर्ड" के रूप में भी जाना जाता था।

20. प्रख्यात महिला अशालता वाबगांवकर का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी अभिनेत्री थीं।

नोट: उन्होंने कई मराठी फिल्मों और नाटकों में अभिनय किया। बॉलीवुड में, उन्होंने 'अपने पराये', 'वो सात दिन', 'नमक हलाल', 'जंजीर' जैसी फिल्मों में अभिनय किया।

21. प्रसिद्ध व्यक्ति भूपेश पंड्या का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी बॉलीवुड अभिनेता थे।

नोट: रंगमंच कलाकार और बॉलीवुड अभिनेता भूपेश पंड्या, जो आयुष्मान खुराना की पहली फिल्म 'विक्की डोनर' में अपनी भूमिका के लिए प्रसिद्ध हैं, का निधन हो गया। वह राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (NSD) के पूर्व छात्र थे।

22. पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर और प्रसिद्ध कमेंटेटर डीन जोन्स का हाल ही में निधन हो गया।

नोट: उन्होंने कमेंट्री में आने से पहले 1984 से 1994 के बीच ऑस्ट्रेलिया के लिए 52 टेस्ट और 164 एकदिवसीय मैच खेले। उन्होंने लगभग 9500 अंतर्राष्ट्रीय रन बनाए।

23. प्रख्यात व्यक्ति डॉ. शेखर बसु का कोविड-19 से संबंधित समस्याओं के कारण निधन हो गया, वह अनुभवी परमाणु वैज्ञानिक थे।

नोट: मैकेनिकल इंजीनियर, डॉ. बसु देश के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम में अपने योगदान के लिए सम्मानित हैं। उन्हें 2014 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था। उन्होंने भारत की पहले परमाणु-संचालित पनडुब्बी INS अरिहंत के लिए अत्यधिक जटिल रिएक्टर का भी मार्ग प्रशस्त किया था।

24. प्रसिद्ध व्यक्ति सुरेश अंगड़ी का कोविड-19 संबंधित समस्याओं के कारण निधन हो गया, वह एक अनुभवी राजनेता थे।

नोट: वह कर्नाटक में बेलगावी से चौथे कार्यकाल के लिए सांसद थे। पेशे से व्यवसायी, अंगड़ी को अपने राजनीतिक जीवन में एक बड़ा मौका मिला जब उन्हें 1996 में बेलागवी में भाजपा उपाध्यक्ष बनाया गया, और उन्होंने पार्टी में अपना काम किया। वह वर्ष 2004 में लोकसभा चुनाव में और फिर 2009 में सांसद चुने गए।

25. प्रख्यात व्यक्ति जसवंत सिंह का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी राजनेता थे।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट: उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के मंत्रिमंडल में भारत के विदेश मंत्री, रक्षा मंत्री और वित्त मंत्री के पद पर कार्य किया था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ राजनीति में अपना करियर बनाने से पहले, श्री सिंह 1950 और 1960 के दशक में भारतीय थलसेना में एक अधिकारी थे।

26. प्रसिद्ध महिला इशर जज अहलूवालिया का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी अर्थशास्त्री थीं।

नोट: अगस्त 2020 में, उन्होंने अपने खराब होते स्वास्थ्य के कारण इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकोनॉमिक रिलेशंस (ICRIER) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। अहलूवालिया का विवाह योजना आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष मोंटेक सिंह अहलूवालिया से हुआ था।

27. प्रसिद्ध गीतकार अभिलाष का हाल ही में निधन हो गया।

नोट: उनके गीत 'इतनी शक्ति हमें देना दाता' का आठ भाषाओं में अनुवाद किया गया है और इसे स्कूलों तथा अन्य संस्थानों में प्रार्थना गीत के रूप में बजाया जाता है। पांच दशकों के करियर में, उन्होंने रफ्तार, आवारा लड़की, सावन को आने दो, जीते हैं शान से, हलचल (1995) आदि फिल्मों के लिए गीत लिखे।

28. कुवैत के आमिर शेख सबाह-अल-अहमद अल-सबाह का हाल ही में निधन हो गया।

नोट: वह शेख जाबेर अल-सबाह की मृत्यु के बाद जनवरी 2006 में कुवैत के अमीर बने थे। 1990-1991 के खाड़ी युद्ध के दौरान, जब कुवैत पर इराकी बलों ने आक्रमण किया था, इराक का समर्थन करने वाले राष्ट्रों के साथ संबंधों को बहाल करने के उनके प्रयासों हेतु उन्हें "डीन ऑफ अरब डिप्लोमैसी" की उपाधि दी गई थी।

29. असम की प्रथम एवं एकमात्र महिल मुख्यमंत्री सैयदा अनवरा तैमूर का हाल ही में निधन हो गया।

नोट: तैमूर 2018 में तब चर्चा में थीं जब उसका नाम असम नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिज़न्स में नहीं आया। बाद में उन्होंने बताया कि उसके परिवार के सदस्यों ने उसका नाम सूची में शामिल करने के लिए आवेदन नहीं किया होगा। वर्ष 1972 में अपने पहले चुनाव से चार बार की कांग्रेस विधायक, तैमूर ने 6 दिसंबर, 1980 से 30 जून, 1981 तक अल्पावधि के लिए मुख्यमंत्री बनने से पहले शिक्षा जैसे विभाग संभाले।

महत्वपूर्ण दिवस

1. संयुक्त राष्ट्र वैश्विक रूप से प्रतिवर्ष **5 सितंबर** को '**अंतर्राष्ट्रीय चैरिटी दिवस**' मनाता है।

नोट: यह दिवस पूरे विश्व में स्वयंसेवी और परोपकार की गतिविधियों के माध्यम से दूसरों की सहायता हेतु लोगों, गैर-सरकारी संगठनों और हितधारकों को जागरूक करने और संगठित करने के लिए मनाया जाता है। यह दिवस राष्ट्रों के भीतर और उनके बीच मानवीय संकटों तथा मानवीय दु:खों को कम करने में चैरिटी की भूमिका को पहचानता है।

2. **7 सितम्बर** को प्रतिवर्ष **"क्लीन एयर फॉर ब्लू स्काईज़ का अंतर्राष्ट्रीय दिवस"** वैश्विक स्तर पर मनाया जाता है।

नोट: दिवस का उद्देश्य व्यक्तिगत, सामुदायिक, कॉर्पोरेट और सरकार सभी स्तरों पर यह सार्वजनिक जागरूकता फैलाना है कि स्वच्छ हवा स्वास्थ्य, उत्पादकता, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण है। क्लीन एयर फॉर ब्लू स्काईज़ का अंतर्राष्ट्रीय दिवस 7 सितंबर, 2020 को आयोजित किया जाएगा।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

3. **अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस** प्रतिवर्ष **8 सितंबर** को विश्व स्तर पर मनाया जाता है।

   नोट: इस वर्ष 55वां 'अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस" मनाया गया जिसका थीम **"Literacy teaching and learning in the COVID-19 crisis and beyond" है।** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस प्रतिवर्ष 8 सितंबर को विश्व स्तर पर मनाया जाता है। विषय आजीवन शिक्षा के परिप्रेक्ष्य में साक्षरता अध्ययन पर प्रकाश डालता है, और इसलिए, मुख्य रूप से युवाओं और वयस्कों पर ध्यान केंद्रित करता है।

4. शिक्षा को आक्षेप से बचाने का अंतर्राष्ट्रीय दिवस विश्व स्तर पर **9 सितंबर** को मनाया जाता है।

   नोट: यह दिवस संयुक्त राष्ट्र महासभा के एक सर्वसम्मत निर्णय द्वारा स्थापित किया गया था, जो यूनेस्को और यूनिसेफ से संघर्ष प्रभावित देशों में रहने वाले लाखों बच्चों की दशा के बारे में जागरूकता फैलाने की अपील करता है। दिवस घोषित करने का प्रस्ताव कतर द्वारा प्रस्तुत किया गया था और इसे 62 देशों द्वारा सह-प्रायोजित किया गया था।

5. विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस प्रतिवर्ष **10 सितंबर** मनाया जाता है।

   नोट: इस दिवस का उद्देश्य दुनिया भर में यह जागरूकता फैलाना है कि आत्महत्या को रोका जा सकता है। 2020 विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस का विषय 'आत्महत्या रोकने के लिए मिलकर काम करना' है।

6. भारत की आधिकारिक भाषा के रूप में हिंदी की लोकप्रियता के उपलक्ष्य में हिंदी दिवस प्रतिवर्ष **14 सितंबर** को मनाया जाता है।

   नोट: भारत की संविधान सभा ने वर्ष 1949 में, नवगठित राष्ट्र की आधिकारिक भाषा के रूप में हिंदी - देवनागरी लिपि में लिखी गई एक हिंद-आर्य भाषा - को मान्यता दी और अंगीकृत किया था। हिंदी केंद्र सरकार की दो आधिकारिक भाषाओं में से एक है, दूसरी भाषा अंग्रेजी है। यह भारत गणराज्य की 22 अनुसूचित भाषाओं में से एक है।

7. राष्ट्रीय अभियंता दिवस प्रतिवर्ष 15 सितंबर को मनाया जाता है।

   नोट: भारत में, वर्ष 1968 से प्रतिवर्ष 15 सितंबर को राष्ट्र के विकास में अभियंताओं के योगदान के सम्मान में अभियंता दिवस मनाया जाता है। यह दिवस भारत के अभियांत्रिकी अग्रदूत, सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरय्या (सर एमवी के नाम से प्रसिद्ध) की जयंती का प्रतीक है।

8. अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिवर्ष 15 सितंबर को मनाया जाता है।

   नोट: अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस विश्व में लोकतंत्र की स्थिति की समीक्षा करने का अवसर प्रदान करता है। लोकतंत्र एक लक्ष्य के रूप में प्रक्रिया है, और केवल अंतर्राष्ट्रीय समुदाय, राष्ट्रीय शासी संस्थाओं, नागरिक समाज और व्यक्तियों द्वारा पूर्ण भागीदारी और समर्थन के साथ लोकतंत्र के आदर्श को वास्तविकता में बदला जा सकता है, ताकि सभी के द्वारा हर जगह इसका आनंद लिया जा सके।

9. संयुक्त राष्ट्र प्रतिवर्ष 16 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस मनाता है।

   नोट: ओजोन परत गैस का एक नाजुक कवच है जो सूर्य की हानिकारक किरणों से पृथ्वी की रक्षा करता है और इस प्रकार ग्रह पर जीवन को संरक्षित करने में मदद करती है। वर्ष 2020 के दिवस का विषय: "Ozone for life: 35 years of ozone layer protection"। यह वियना कन्वेंशन के 35 वर्षों को दर्शाता है।

10. विश्व रोगी सुरक्षा दिवस प्रतिवर्ष विश्व स्तर पर 17 सितंबर को मनाया जाता है।

    नोट: विश्व रोगी सुरक्षा दिवस 2020 का विषय: Health Worker Safety: A Priority for Patient Safety. स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के महत्व और रोगी की सुरक्षा के साथ उनके परस्पर संबंधों के बारे

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

में वैश्विक जागरूकता फैलाता है।स्वास्थ्य कर्मियों और रोगियों की सुरक्षा में सुधार हेतु कई हितधारकों को शामिल करना और बहु-स्तरीय कार्यनीति अपनाना।

11. विश्व जल निगरानी दिवस प्रतिवर्ष विश्व स्तर पर 18 सितंबर को मनाया जाता है।

नोट: यह दिवस दुनिया भर में जल निगरानी और जल संसाधनों की सुरक्षा में जन जागरूकता और भागीदारी बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। विश्व जल निगरानी दिवस स्थानीय नदियों, धाराओं, सहायक नदियों और अन्य जल निकायों की स्थिति की निगरानी में हर आयु के लोगों को संलग्न करता है। विश्व जल निगरानी दिवस 2020 का विषय 'Solve Water' है।

12. अंतर्राष्ट्रीय तट सफाई दिवस प्रतिवर्ष सितंबर में तीसरे शनिवार (19 सितंबर) को मनाया जाता है।

नोट: वर्ष 2020 में, यह दिवस 19 सितंबर को आयोजित किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय तट सफाई दिवस 2020 का विषय: "Achieving a trash-free Coastline"।

13. अंतर्राष्ट्रीय समान वेतन दिवस पहली बार विश्व स्तर पर 18 सितंबर 2020 को मनाया गया।

नोट: पहले अंतर्राष्ट्रीय समान वेतन दिवस के अवसर पर, और वैश्विक कोविड-19 महामारी के बीच, इक्वल पे इंटरनेशनल कोअलिशन (EPIC) सभी श्रम बाजार कर्मियों को प्रोत्साहित करने के लिए एक वर्चुअल ग्लोबल कॉल टू एक्शन आयोजित करेगा ताकि यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठा जा सकें कि समान वेतन दुनिया भर में बहाली का प्रयास है।

14. विश्व बांस दिवस विश्व स्तर पर प्रतिवर्ष 18 सितंबर को मनाया जाता है।

नोट: यह दिवस बांस के लाभों के बारे में जागरूकता फैलाने और रोजमर्रा के उत्पादों में इसके उपयोग को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। WBD 2020 के 11वें संस्करण का विषय BAMBOO NOW' है।

15. विश्व अल्जाइमर दिवस प्रतिवर्ष **21 सितंबर को** मनाया जाता है।

नोट: यह दिवस किस व्यक्ति के सामने आने वाले हालतों और चुनौतियों के बारे में जागरूकता फैलाने का प्रयास करता है। यह इस स्थिति के कलंक को खत्म करने का भी प्रयास करता है। अल्जाइमर एक निरंतर बढ़ने वाला रोग है जिससे स्मृति हानि होती है।

16. अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस दुनिया भर में 21 सितंबर को मनाया जाता है।

नोट: संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इसे 24 घंटे अहिंसा और संघर्ष विराम मनाकर शांति आदर्शों को सशक्त बनाने के प्रति समर्पित दिवस के रूप से घोषित किया है। इस वर्ष, यह अधिक स्पष्ट है कि हम एक-दूसरे के शत्रु नहीं हैं। बल्कि, हमारा आम शत्रु एक अविश्रांत वायरस है, जो हमारे स्वास्थ्य, सुरक्षा और जीवन जीने के तरीके को खतरे में डालता है। अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस 2020 का विषय 'Shaping Peace Together' है।

17. विश्व राइनो दिवस विश्व स्तर पर प्रतिवर्ष 22 सितंबर को मनाया जाता है।

नोट: यह विशेष दिवस कार्य से संबंधित संगठनों, गैर-सरकारी संगठनों, चिड़ियाघरों और जनता को अपने स्वयं के अनूठे तरीकों से गैंडों की प्रशंसा करने का अवसर प्रदान करता है। यह दिवस गैंडों की सभी पांच मौजूदा प्रजातियों को संरक्षित करने की आवश्यकता के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है।

18. प्रतिवर्ष 23 सितंबर को विश्व स्तर पर मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस 2020 का विषय "Sign Languages are for Everyone! है"

नोट: इसके अलावा, सितंबर के अंतिम सप्ताह को अंतर्राष्ट्रीय बधिर सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस का विषय "Sign Languages are for Everyone!"

19. विश्व समुद्री दिवस 2020 विश्व स्तर पर 24 सितंबर को मनाया गया।

नोट: विश्व समुद्री दिवस मनाने की सही तारीख व्यक्तिगत रूप से सरकारों पर छोड़ दी जाती है,

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

लेकिन आमतौर पर यह सितंबर के अंतिम सप्ताह में मनाया जाता है।

20. विश्व फार्मासिस्ट दिवस प्रतिवर्ष विश्व स्तर पर 25 सितंबर को मनाया जाता है।

नोट: यह दिवस इस संगठन की परिषद के साथ-साथ इंटरनेशनल फार्मास्युटिकल फेडरेशन (FIP) की एक पहल थी। इस वर्ष का विषय "Transforming global health" है।

21. विश्व पर्यावरणीय स्वास्थ्य दिवस विश्व स्तर पर प्रतिवर्ष 26 सितंबर को मनाया जाता है।

नोट: यह दिवस दुनिया भर में पर्यावरणीय स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण कार्यों को उजागर करने के लिए मनाया जाता है। 2020 विश्व पर्यावरणीय स्वास्थ्य दिवस का विषय: Environmental health, a key public health intervention in disease pandemic prevention.

22. **"End Rabies: Collaborate, Vaccinate"** विश्व रेबीज दिवस 2020 का विषय है।

नोट: यह दिवस मनुष्यों और जानवरों पर रेबीज के प्रभाव के बारे में जागरूकता फैलाने, बीमारी को रोकने तथा रेबीज को नियंत्रित करने के प्रयासों के बारे में जानकारी और सलाह प्रदान करने के लिए मनाया जाता है। वर्ष 2020 में 14वें WRD का विषय 'End Rabies: Collaborate, Vaccinate' है। इस वर्ष का विषय टीकाकरण और सहयोग पर केंद्रित है।

23. विश्व पर्यटन दिवस प्रतिवर्ष विश्व स्तर पर 27 सितंबर को मनाया जाता है।

नोट: इस दिवस का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय समुदाय में पर्यटन की भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाना और यह प्रदर्शित करना है कि यह दुनिया भर में सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक मूल्यों को कैसे प्रभावित करता है। यह तारीख संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (UNWTO) द्वारा चुनी गई थी क्योंकि 1970 में इस दिन, UNWTO का क़ानून अंगीकृत किया गया था।

24. सूचना तक सर्वव्यापी पहुंच का अंतर्राष्ट्रीय दिवस हर वर्ष विश्व स्तर पर 28 सितंबर को मनाया जाता है।

नोट: सूचना तक सर्वव्यापी पहुंच का अर्थ है कि सभी को स्वस्थ और समावेशी ज्ञान समाजों के लिए जानकारी खोजने, प्राप्त करने और प्रदान करने का अधिकार है। IDUAI 2020 संकट के समय में सूचना के अधिकार पर और लोगों के जीवन बचाने, विश्वास बनाए रखने तथा कोविड-19 संकट के समय एवं बाद में दीर्घकालिक नीतियों के निर्माण में सहायता हेतु संवैधानिक, वैधानिक और/ या नीतिगत गारंटी होने के लाभों पर ध्यान केंद्रित करेगा।

25. खाद्य हानि और अपशिष्ट न्यूनीकरण पर अंतर्राष्ट्रीय जागरूकता दिवस वैश्विक स्तर पर 29 सितंबर को मनाया जाता है।

नोट: यह वर्ष खाद्य हानि और अपशिष्ट न्यूनीकरण पर अंतर्राष्ट्रीय जागरूकता का पहला वर्ष है। यह वैश्विक कोविड-19 महामारी के दौरान मनाया गया है, जिसने हमारे भोजन के उत्पादन और उपभोग करने के तरीके को बदलने और पुन:संतुलित करने की आवश्यकता पर एक वैश्विक चेतावनी पेश की है।

26. विश्व हृदय दिवस प्रतिवर्ष **29 सितंबर को** मनाया जाता है।

नोट: यह दिवस जो प्रतिवर्ष मनाया जाता है, हृदय रोग और स्ट्रोक सहित हृदयवाहिनी रोग (CVD) के बारे में जागरूकता फैलाता है और निवारक एवं नियंत्रण उपायों को उजागर करता है। विश्व हृदय दिवस 2020 का विषय: "Use Heart To Beat Cardiovascular Disease" है।

27. 30 सितंबर को विश्व स्तर पर मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस 2020 का विषय **"Finding the words for a world in crisis" है।**

नोट: यह दिवस भाषा सेवा उद्योग में अनुवादकों, दुभाषियों और अन्य लोगों के महत्वपूर्ण काम को उजागर करने का अवसर प्रदान करता है। 30 सितंबर,

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

बाइबिल के अनुवादक सेंट जेरोम का निर्वाण दिवस है, जिन्हें अनुवादकों का संरक्षक संत माना जाता है।

नई नियुक्तियां

1. मुस्तफा अदीब को **लेबनान** का प्रधान मंत्री नियुक्त किया गया है।
   नोट: वह जर्मनी में लेबनान के राजदूत थे। मुस्तफा अदीब को उनकी पसंद के पद पर राष्ट्रपति और संसदीय ब्लाकों के बीच बाध्यकारी परामर्श की पूर्व संध्या पर चार पूर्व प्रधानमंत्रियों द्वारा नामित किया गया था।
2. भारत के साथ व्यापारिक संबंधों को बढ़ाने के लिए ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा भारतीय मूल की राजनीतिज्ञ लीज़ा सिंह के साथ **मैथ्यू हेडन को** भारत में व्यापार राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है।
   नोट: ऑस्ट्रेलिया-भारत परिषद के बोर्ड में तीन नई नियुक्तियों की घोषणा की गई। तस्मानिया से लेबर पार्टी की पूर्व सीनेटर, लीज़ा सिंह उपाध्यक्ष होंगी। पूर्व विक्टोरिया प्रीमियर टेड बिलियू और पूर्व क्रिकेटर हेडन अन्य नए सदस्य हैं।
3. **हेमंत खत्री ने** सरकार के स्वामित्व वाली रक्षा जहाज निर्माता, हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (HSL) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का पदभार ग्रहण किया।
   नोट: वह रियर एडमिरल एल.वी. शरत बाबू (सेवानिवृत्त) की जगह लेंगे। इससे पहले, हेमंत खत्री HSL के रणनीतिक परियोजना निदेशक के रूप में सेवारत थे। हेमंत खत्री की HSL के CMD के रूप में नियुक्ति को उन्हें 27 मई 2020 को मंत्रिमंडल नियुक्ति समिति (ACC) ने मंजूरी दी, जो 1 सितंबर 2020 से 31 जुलाई, 2025 उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख या अगले आदेशों तक प्रभावी है।
4. **अवीक सरकार** को प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (PTI) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
   नोट: उन्होंने पंजाब केसरी ग्रुप के मुख्य संपादक विजय कुमार चोपड़ा की जगह ली। अवीक सरकार पेंगुइन बुक्स के भारतीय समकक्ष पेंगुइन इंडिया के संस्थापक प्रबंध निदेशक, बिजनेस स्टैंडर्ड के संस्थापक संपादक और ABP ग्रुप द्वारा 2003 में स्टार न्यूज के अधिग्रहण के पीछे प्रमुख व्यक्ति थे।
5. **ऊषा पाढे को** ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (BCAS) की पहली महिला महानिदेशक नियुक्त किया गया।
   नोट: वह पद पर नियुक्त होने वाली पहली महिला और तीसरी IAS अधिकारी हैं। ऊषा का केंद्रीय प्रतिनियुक्ति कार्यकाल 16 जुलाई 2022 को समाप्त होने वाला है। उन्होंने राकेश अस्थाना (IPS) की जगह ली, जिन्हें 17 अगस्त 2020 को सीमा सुरक्षा बल (BSF) के महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था।
6. **एस. कृष्णन** को पंजाब एंड सिंध बैंक का प्रबंध निदेशक (MD) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त किया गया है।
   नोट: इस नियुक्ति से पहले, वह केनरा बैंक में कार्यकारी निदेशक थे। वह पंजाब एंड सिंध बैंक के वर्तमान MD और CEO एस. हरिशंकर की जगह लेंगे।
7. **मुरली रामकृष्णन को** साउथ इंडियन बैंक का प्रबंध निदेशक और CEO नियुक्त किया गया है।
   नोट: रामकृष्णन 30 मई, 2020 को ICICI बैंक में स्ट्रेटिजिक प्रॉजेक्ट ग्रुप वरिष्ठ महाप्रबंधक के पद से सेवानिवृत्त हुए थे, और 1 जुलाई, 2020 को साउथ इंडियन बैंक के सलाहकार के रूप में शामिल हुए। उन्होंने CIBIL बोर्ड और एशिया प्रशांत के लिए VISA के जोखिम सलाहकार बोर्ड में बैंक का प्रतिनिधित्व किया।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

8. **वी.के. यादव** को रेलवे बोर्ड का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त किया गया है।
नोट: अध्यक्ष और CEO एक DG (HR) की सहायता के साथ मानव संसाधन (HR) के लिए उत्तरदायी कैडर नियंत्रक अधिकारी होंगे। मंत्रिमंडल ने पहले रेलवे बोर्ड के पुनर्गठन को मंजूरी दी थी, जिसकी सदस्य संख्या राष्ट्रीय ट्रांसपोर्टर द्वारा शुरू किए गए बड़े पैमाने पर सुधार में आठ से पांच हो गई है।
9. **आयुष्मान खुराना** को बजाज आलियांज लाइफ का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है।
नोट: अभिनेता ऑफलाइन और ऑनलाइन माध्यमों में इसके उत्पादों और डिजिटल सेवाओं का प्रचार करेंगे। खुराना ब्रांड के अगले अभियान 'स्मार्ट लिविंग' में दिखाई देंगे, जिसमें इसका टर्म प्लान - स्मार्ट प्रॉटेक्ट गोल और नई डिजिटल सेवा - स्मार्ट असिस्ट शामिल है।
10. क्रिकेटर **ड्वेन ब्रावो को** SBOTOP स्पोर्ट्सबुक ब्रांड के पहले क्रिकेट एंबेसडर के रूप में नियुक्त किया गया है।
नोट: ब्रावो को कैरेबियाई क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ 'ऑल-राउंडरों' में से एक माना जाता है, जो खेल के सभी प्रारूपों में वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने 256 टेस्ट मैचों और 120 एकदिवसीय मैचों में देश का प्रतिनिधित्व किया है और इसे खेल के सर्वश्रेष्ठ 'ऑल-राउंडरों' में से एक माना जाता है।
11. **केनिची अयुकावा** को सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्यूफैक्चरर्स (SIAM) का अध्यक्ष चुना गया है।
नोट: वह राजन वढेरा की जगह लेंगे। अशोक लीलैंड के MD और CEO, विपिन सोंधी को SIAM का नया उपाध्यक्ष चुना गया है।
12. **फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन** ने वर्ष 2020-22 के लिए **विंकेश गुलाटी** को अपना 35वां अध्यक्ष नियुक्त किया है।
नोट: गुलाटी इलाहाबाद और फरीदाबाद से बाहर स्थित यूनाइटेड ऑटोमोबाइल के निदेशक हैं। यूनाइटेड ऑटोमोबाइल वर्ष 1985 से ऑटो डीलरशिप व्यवसाय में शामिल है और महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज ऑटो जैसे ब्रांडों की डीलर है।
13. **अनिल जैन को** अखिल भारतीय टेनिस संघ (AITA) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
नोट: AITA अध्यक्ष के रूप में इस वर्ष के अंत में प्रवीण महाजन के कार्यकाल की समाप्ति के बाद AITA के प्रशासन का नेतृत्व करने के लिए उन्हें सर्वसम्मति से चुना गया था। अनिल धूपर को महासचिव चुना गया और रोहित राजपाल कोषाध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे।
14. **एस. महालिंगम को** तमिलनाडु और केरल पर दूतावास क्षेत्राधिकार के साथ चेन्नई में ऑनरी कॉन्सल ऑफ द ग्रैंड डची ऑफ लक्ज़मबर्ग किसे नियुक्त किया गया है।
नोट: श्री महालिंगम टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के मुख्य वित्तीय अधिकारी और कार्यकारी निदेशक पद से सेवानिवृत्त हुए थे। श्री महालिंगम पूर्व ऑनरी कॉन्सल सुहासिनी मणिरत्नम की जगह लेंगे, जिनका शासनकाल पांच वर्ष के बाद समाप्त हो गया था।
15. **प्रीति सूडान** को महामारी तत्परता के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के स्वतंत्र पैनल में नियुक्त किया गया है।
नोट: यह निर्णय पैनल के दो प्रमुखों, न्यूजीलैंड की पूर्व प्रधानमंत्री हेलेन क्लार्क और लाइबेरिया की पूर्व राष्ट्रपति एलेन जॉनसन सरलीफ ने लिया। अध्यक्षों की एक बैठक में, हेलेन क्लार्क ने विश्वास जताया कि सूडान का सरकारी मंत्रालय के प्रमुख के रूप में अनुभव, जिसने भारत की महामारी पर प्रतिक्रिया का नेतृत्व किया, उन्हें नौकरी के लिए अधिक अनुकूल बनाता है।
16. **परेश रावल को** राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (NSD) का नया प्रमुख नियुक्त किया गया है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट: तीन दशक से अधिक के कैरियर में, रावल को कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया, जिसमें 1994 में सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का प्रतिष्ठित राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार शामिल है। मनोरंजन उद्योग में योगदान के लिए उन्हें 2014 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।

17. **भुवनेश्वर कुमार** और **स्मृति मंधाना को** फैन्टेसी स्पोर्टस गेमिंग प्लेटफार्म 'प्लेयरज़पॉट' के ब्रांड एंबेसडर के रूप में नियुक्त किया गया है।

नोट: इस साझेदारी के बाद क्रिकेटर ब्रांड के आगामी अभियानों में दिखाई देंगे और कार्य गतिविधियों के माध्यम से प्लेयरज़पॉट को बढ़ावा देगी। दोनों की जोड़ी अपनी खेल प्रतिभा के साथ ब्रांड का समर्थन करेंग और प्रमुख लक्षित दर्शकों के बीच एक उच्च ब्रांड रिकॉल बनाने में मदद करेंगे।

18. **जेन फ्रेज को** सिटीग्रुप की पहली महिला मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।

नोट: वह सिटीग्रुप की पहली महिला CEO होंगी। वह माइकल कॉर्बेट की जगह लेकर फरवरी में पद संभालेंगी। फ्रेजर, जिन्होंने 2019 से वैश्विक उपभोक्ता बैंकिंग के अध्यक्ष और CEO के रूप में कार्य किया है, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में शामिल हो जाएंगे।

19. **आयुष्मान खुराना** को यूनिसेफ के बाल अधिकार अभियान 'फॉर एर्वी चाइल्ड' का सेलिब्रिटी एडवोकेट किसे नियुक्त किया गया है।

नोट: वह भारत में इस पहल पर काम करके, बच्चों के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने की दिशा में यूनिसेफ की सहायता करेंगे। नियुक्ति के बाद, आयुष्मान खुराना पूर्व फुटबॉल स्टार डेविड बेकहम जैसे लोगों में शामिल हो गए, जो विश्व स्तर पर इस अभियान पर काम कर रहे हैं।

20. समीर कुमार खरे को एशियाई विकास बैंक (ADB), मनीला का नया कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है।

नोट: खरे असम कैडर के 1989 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) अधिकारी हैं। वह वर्तमान में वित्त मंत्रालय के तहत आर्थिक मामलों के विभाग में अतिरिक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें पद ग्रहण करने की तारीख से तत्काल प्रभाव से तीन वर्ष के कार्यकाल या अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, के लिए पद पर नियुक्त किया गया है।

21. वाशिंगटन डीसी में विश्व बैंक में कार्यकारी निदेशक के रूप में राजेश खुल्लर को नियुक्त किया गया है।

नोट: मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (ACC) ने पदभार ग्रहण करने की तारीख से तीन वर्ष के कार्यकाल या उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख (23 अगस्त, 2023) तक राजेश खुल्लर की नियुक्ति को मंजूरी दी है। खुल्लर वर्तमान में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के प्रधान सचिव हैं। वह नवंबर के पहले सप्ताह में विश्व बैंक में शामिल होंगे।

22. जापान के सत्तारूढ़ दल लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (LDP) का नया प्रमुख और देश के प्रधान मंत्री के लिए योशिहीदे सुगा को पदनामित किया गया है।

नोट: 71 वर्षीय सुगा 16 सितंबर 2020 से पदभार ग्रहण करेंगे। सुगा को प्रधान मंत्री शिंजो आबे के उत्तराधिकारी चुनने के लिए आयोजित पार्टी चुनाव में 534 वैध मतों में से अधिकतम 377 मत मिले, जिन्होंने अगस्त 2020 में घोषणा की कि वे स्वास्थ्य समस्याओं के कारण इस्तीफा दे देंगे।

23. मनीला स्थित एशियाई विकास बैंक (ADB) द्वारा भारत के लिए कंट्री डायरेक्टर के रूप में तकेओ कोनिशी को नियुक्त किया गया है।

नोट: कोनिशी केनिची योकोयामा की जगह लेंगे जिन्होंने ADB के दक्षिण एशिया विभाग के महानिदेशक का पदभार ग्रहण किया। भारत ADB का चौथा सबसे बड़ा शेयरधारक है और 2010 से इसका सबसे बड़ा कर्जदार रहा है। नई दिल्ली में कंट्री डायरेक्टर के रूप में, कोनिशी भारत में सरकार और

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

अन्य विकास भागीदारों के साथ ADB की कार्यप्रणाली और नीति वार्ता का नेतृत्व करेंगे।

24. वह बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन को Amazon.com ने अपनी एलेक्सा वाइस असिस्टेंट के लिए अनुबंधित किया है।

नोट: अमिताभ बच्चन एलेक्सा को अपनी आवाज देने वाले पहले भारतीय सेलिब्रिटी हैं। एलेक्सा यूजर अमिताभ बच्चन की आवाज के अनुभव को खरीदकर एलेक्सा पर अमिताभ बच्चन की आवाज का उपयोग कर सकेंगे। अमेजन ने पहली बार एक सेलिब्रिटी की आवाज तब उपयोग की थी जब हॉलीवुड अभिनेता सैमुअल एल. जैक्सन ने एलेक्सा पर अपनी आवाज दी थी।

25. सचिन तेंदुलकर को पेटीएम फर्स्ट गेम्स (PFG) का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है।

नोट: तेंदुलकर गेमिंग प्लेटफॉर्म PFG और इसके सभी फैंटेसी स्पोर्ट्स जैसे क्रिकेट, कबड्डी, फुटबॉल और बास्केटबॉल का प्रचार करेंगे। पेटीएम 2022 तक IPL का आधिकारिक अंपायर पार्टनर है और भारतीय क्रिकेट का टाइटल स्पॉन्सर है।

26. अनिल धस्माना को राष्ट्रीय तकनीकी अनुसंधान संगठन (NTRO) का प्रमुख नियुक्त किया गया है।

नोट: धस्माना ने इंटेलिजेंस ब्यूरो के पूर्व अधिकारी सतीश झा की जगह ली, जिन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया। धस्माना, 1981 बैच के IPS अधिकारी, पाकिस्तान विशेषज्ञ हैं और फरवरी 2019 में बालाकोट एयर स्ट्राइक के प्रमुख योजनाकार थे। उन्होंने उस समय के कुछ महीनों बाद पद छोड़ दिया जब जून 2019 में आम चुनावों के कारण उनका विस्तारित कार्यकाल समाप्त हो गया।

27. हरसिमरत कौर बादल के इस्तीफे के बाद खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार नरेंद्र सिंह तोमर को दिया गया है।

नोट: राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद द्वारा इस्तीफा मंजूर करने के बाद उन्हें अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। हरसिमरत कौर बादल संविधान के अनुच्छेद 75 के खंड (2) के तहत तत्काल प्रभाव से केंद्रीय मंत्रिपरिषद से इस्तीफा दे दिया।

28. ए.के. दास को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पंजाब और महाराष्ट्र सहकारी (PMC) बैंक का नया प्रशासक नियुक्त किया गया है।

नोट: उन्होंने जे.बी. भोरिया की जगह ली, जिन्होंने स्वास्थ्य संबंधी कारणों से बैंक के प्रशासक की अपनी भूमिका से इस्तीफा दे दिया। सितंबर 2019 में, RBI ने PMC बैंक में धोखाधड़ी और वित्तीय अनियमितताओं के चलते PMC बैंक बोर्ड को हटा दिया था।

29. **खुशी चिंदालिया को** संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)- टुंजा इको-जनरेशन द्वारा भारत के लिए रीजनल एंबेसडर नियुक्त किया गया है।

नोट: अपनी नई भूमिका में, खुशी जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण के महत्व और पर्यावरणीय खजाने की सुरक्षा की आवश्यकता के बारे में जागरूकता फैलाएंगी। वह फरवरी 2021 तक विभिन्न पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रमों पर TEG के साथ काम करेंगी।

30. **सीमांचला दास को** वाशिंगटन में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के कार्यकारी निदेशक के सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया है।

नोट: मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने वाशिंगटन में सीमांचला दास को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के कार्यकारी निदेशक के सलाहकार के रूप में नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। उन्हें तीन वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया गया है।

31. **गिरिजा शंकर मुंगेली** एशियन फुटबॉल कन्फेडरेशन की टास्क फोर्स के सात में से एक सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है।

नोट: टास्क फोर्स एशिया और ऑस्ट्रेलिया में फुटबॉल क्लबों को विनियमित करेगी। वह वर्तमान में ऑल

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (AIFF) की क्लब लाइसेंसिंग समिति के अध्यक्ष हैं।

32. देश में अखबारों, पत्रिकाओं और पत्र-पत्रिकाओं के प्रकाशकों की सर्वोच्च संस्था इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी (INS) का प्रेसीडेंट एल. आदिमूलम को चुना गया है।

नोट: वर्ष 2020-21 के लिए डी.डी. पुरकायस्थ (आनंद बाजार पत्रिका) सोसायटी के डेप्यूटी प्रेसीडेंट हैं, मोहित जैन (इकोनॉमिक टाइम्स) वाइस प्रेसीडेंट और राकेश शर्मा (आज समय) मानद कोषाध्यक्ष हैं। आदिमूलम, जिन्होंने INS के अध्यक्ष के रूप में मिड-डे के शैलेश गुप्ता की जगह ली, राष्ट्रीय तमिल दैनिक दिनमलर से है। वह डॉ. आर. लक्ष्मीपति - पूर्व INS अध्यक्ष के पुत्र हैं।

33. मोक्टर ओउने को माली का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है।

नोट: माली के अंतरिम राष्ट्रपति, बाह नेडॉ ने माली के पूर्व विदेश मंत्री मोक्टर ओउने को माली का नया प्रधान मंत्री मनोनीत किया है। मोक्टर ओउने ने 1995-2002 तक संयुक्त राष्ट्र में माली के राजदूत के रूप में, और 2004-2009 तक आमदौ तौमनी तौरे की प्रेसीडेंसी में विदेश मंत्री के रूप में कार्य किया।

34. **पी.डी. वाघेला** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण का चेयरमैन नियुक्त किया गया है।

नोट: वह 1986-गुजरात कैडर के IAS अधिकारी हैं। वाघेला, आर.एस. शर्मा की जगह लेंगे, जिनका TRAI के प्रमुख के रूप में कार्यकाल 30 सितंबर को समाप्त होगा। TRAI से पहले, शर्मा ने 2009-2013 के दौरान भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) के महानिदेशक और मिशन निदेशक के रूप में आधार के निर्माण का नेतृत्व किया।

35. शेखर कपूर को फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (FTII) सोसायटी का नया प्रेसीडेंट और FTII गवर्निंग काउंसिल का चेयरमैन नियुक्त किया गया है।

नोट: श्री कपूर को फिल्म निर्माता बी.पी. सिंह की जगह नया चेयरमैन बनाया गया। कपूर, जिन्हें भारतीय सुपरहीरो फिल्म 'मिस्टर इंडिया' से लेकर फूलन देवी के जीवन पर आधारित 'बैंडिट क्वीन' तक, और क्वीन एलिजाबेथ पर एक प्रशंसित बायोपिक जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है, 3 मार्च, 2023 तक पद संभालेंगे।

महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, सामूहिक/पारिवारिक आत्महत्या के अधिकतम मामले **तमिलनाडु** राज्य में दर्ज किए गए हैं।

नोट: नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2018 की तुलना में आत्महत्या और दुर्घटना मृत्यु के मामलों की संख्या में पिछले वर्ष वृद्धि दर्ज की गई। सामूहिक / पारिवारिक आत्महत्या के अधिकतम मामले तमिलनाडु (16), इसके बाद आंध्र प्रदेश (14), केरल (11) और पंजाब (9) और राजस्थान (7) से दर्ज किए गए थे।

2. रक्षा मंत्रालय (MoD) ने छह पिनाका रेजिमेंट्स की आपूर्ति के लिए **2580 करोड़ रुपये** के अनुबंध पर हस्ताक्षर किया हैं।

नोट: भारतीय सेना की आर्टिलरी रेजिमेंट को छह पिनाका रेजिमेंट की आपूर्ति के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं और इससे हमारे सशस्त्र बलों की ऑपरेशन तत्परता बढ़ेगी। छह पिनाका रेजीमेंट जिसमें ऑटोमेटेड गन ऐमिंग एंड पोजिशनिंग सिस्टम (AGAPS) के साथ 114 लॉन्चर्स शामिल हैं; M/s TPCL और M/s L&T से खरीदे जाने वाले 45 कमांड पोस्ट और M/s BEML से खरीदे जाने वाले 330

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

वाहन शामिल हैं, वर्ष 2024 तक पूरी होने की योजना है।

3. जीवन बीमाकर्ताओं से इंडेक्स-लिंक्ड उत्पादों को शुरू करने के अनुरोध के बाद IRDAI द्वारा इस तरह के उत्पादों पर गठित छह-सदस्यीय समिति के अध्यक्ष दिनेश पंत हैं।

   नोट: यह उत्पाद संरचना, ग्राहकों की समझ में आसानी और प्रशासनिक प्रक्रियाओं और प्रासंगिकता के अन्य मामले में बाजार में पहले से उपलब्ध उत्पादों की भी जांच करेगा। वर्तमान IRDAI उत्पाद विनियम विशेष रूप से सूचकांक लिंक उत्पादों को बेचने के लिए बीमा कंपनियों को अनुमति नहीं देते हैं।

4. नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2019 में खतरनाक तरीके से ड्राइविंग और सड़क दुर्घटनाओं के कारण दिल्ली शहर में सर्वाधिक मौतें दर्ज की गईं।

   नोट: आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में सड़क दुर्घटनाओं में कुल 1,400 व्यक्तियों की मृत्यु हुई और खतरनाक तरीके से या लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण 529 व्यक्तियों की मौत हुई, इसके बाद राजस्थान के जयपुर में 320 व्यक्तियों की मौत हो गई और पश्चिम बंगाल के आसनसोल में लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण 301 लोगों की मौत हुई। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा साझा किए गए आंकड़े दर्शाते हैं कि वर्ष 2019 में सभी शहरों के बीच दिल्ली में खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाने और सड़क दुर्घटनाओं के कारण सर्वाधिक मौतें दर्ज की गईं।

5. विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO), कॉर्नेल यूनिवर्सिटी और इनसीड बिजनेस स्कूल द्वारा संयुक्त रूप से जारी ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (GII) 2020 के 13वें संस्करण में भारत की रैंक **48वीं** है।

   नोट: भारत ICT (सूचना और संचार प्रौद्योगिकी) सेवाओं के निर्यात, सरकारी ऑनलाइन सेवाओं, विज्ञान और इंजीनियरिंग में स्नातक और R&D वैश्विक कंपनियों जैसे संकेतकों में शीर्ष 15 में शामिल है। स्विट्जरलैंड, स्वीडन, अमेरिका, ब्रिटेन और नीदरलैंड नवाचार रैंकिंग में शीर्ष पर हैं, और शीर्ष 5 स्थानों पर उच्च आय वाले देशों का प्रभुत्व है।

6. इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार ने खतरों की आशंका को देखते हुए **118** मोबाइल ऐप को ब्लॉक करने का निर्णय लिया है।

   नोट: इस कदम से करोड़ों भारतीय मोबाइल और इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के हितों की सुरक्षा की उम्मीद है और यह भारतीय साइबरस्पेस की सुरक्षा और संप्रभुता भी सुनिश्चित करेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने 118 मोबाइल ऐप को सूचना प्रौद्योगिकी (जनता द्वारा सूचना के उपयोग को ब्लॉक करने की प्रक्रिया और सुरक्षा के उपाय) नियम 2009 के प्रासंगिक प्रावधानों के साथ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69A के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए ब्लॉक किया है।

7. मेरकॉम कैपिटल द्वारा परिचालन, निर्माणाधीन और विचारागत परियोजनाओं के संदर्भ में भारत की **अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड** को विश्व की सबसे बड़े सोलर पॉवर जनरेशन एसेट ओनर की रैंक प्रदान की गई है।

   नोट: मेरकॉम कैपिटल ग्रुप एक स्वच्छ ऊर्जा संचार परामर्श कंपनी है। AGEL की निर्माणाधीन और विचारागत क्षमता 10.1 गीगावाट (GW) है और इसकी परिचालन क्षमता लगभग 3 GW है। AGEL का अक्षय ऊर्जा पोर्टफोलियो 12.32 GW पर है, जो वर्ष 2019 में पूरे अमेरिकी सौर उद्योग द्वारा स्थापित कुल क्षमता से अधिक है।

8. **गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन** रेबोबैंक की वर्ष 2020 की ग्लोबल डेयरी टॉप 20 कंपनियों की सूची में प्रवेश करने वाली पहली भारतीय डेयरी कंपनी है।

   नोट: अमूल को 5.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 40,240 करोड़ रुपये) के वार्षिक कारोबार के साथ 16वें स्थान पर रखा गया। स्विट्जरलैंड की नेस्ले इस सूची

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

में सबसे ऊपर है। रेबोबैंक एक डच बहुराष्ट्रीय बैंकिंग और वित्तीय सेवा कंपनी है।

9. **वी.के. सारस्वत** केंद्र सरकार द्वारा कोयला क्षेत्र में हरित पहल के लिए गठित संचालन समिति के अध्यक्ष हैं।

   नोट: इस वेबिनार के पीछे का उद्देश्य 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ वर्ष 2030 तक 100 मिलियन टन (MT) कोल गैस का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए दिशानिर्देशों पर चर्चा करना था। उल्लेखनीय रूप से, कोयला क्षेत्र में हरित पहलों के लिए डॉ. वी.के. सारस्वत की अध्यक्षता में एक संचालन समिति का गठन किया गया।

10. **भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (IIPA)** के साथ जनजातीय कार्य उत्कृष्टता केंद्र (CoE), जनजातीय कार्य मंत्रालय ने दो दिनों के लिए 'नेशनल ट्राइबल रिसर्च कॉन्क्लेव' का आयोजन किया।

    नोट: कॉन्क्लेव के उद्घाटन सत्र को केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री श्री अर्जुन मुंडा ने संबोधित किया। नेशनल ट्राइबल रिसर्च कॉन्क्लेव का आयोजन जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा शुरू की गई परियोजनाओं के परिणामों की प्रगति की समीक्षा हेतु किया गया था। दो-दिवसीय सम्मेलन में 10 अनुसंधान साझेदारों ने अपनी परियोजनाएं साझा कीं।

11. भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) ने फ़िनलैंड के अपने समकक्ष के साथ भूविज्ञान और खनिज संसाधनों के क्षेत्र में सहयोग हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।

    नोट: प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने समझौता ज्ञापन को मंजूरी दी। समझौता ज्ञापन भूविज्ञान, प्रशिक्षण, खनिज पूर्वानुमान और उपयुक्तता विश्लेषण, भूकंपीय और अन्य भूभौतिकीय सर्वेक्षण के क्षेत्र में सहयोग को सुविधाजनक बनाता है।

12. **फॉरेन लैंग्वेज यूनिवर्सिटी, हैदराबाद** ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक द्वारा लॉन्च किए गए 'इंग्लिशप्रो' मोबाइल ऐप को विकसित किया है।

    नोट: एप्लिकेशन को इंग्लिश एंड फॉरेन लैंग्वेज यूनिवर्सिटी, हैदराबाद द्वारा विकसित किया गया है। ऐप शिक्षार्थियों को अनूठे "भारतीय" तरीके से भारतीय अंग्रेजी उच्चारण विकसित करने में मदद करेगा। यह ऐप "एक उपयोगी डिजिटल साधन" होगा और शिक्षकों, छात्रों और विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों के लिए एक शैक्षिक संसाधन के रूप में कार्य करेगा।

13. केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित **मिशन कर्मयोगी** का उद्देश्य लोक सेवा में भर्ती के बाद सुधार लाना है।

    नोट: इस मिशन का उद्देश्य भारतीय लोक सेवकों को सक्षम नेतृत्व क्षमता निर्माण पर ध्यान केंद्रित करके उन्हें सही दृष्टिकोण, कौशल और ज्ञान, न्यू इंडिया विजन से जोड़कर भविष्य के लिए तैयार करना है।

14. मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा **KIRAN** हेल्पलाइन शुरू की गई है।

    नोट: हेल्पलाइन विशेषकर COVID-19 महामारी को देखते हुए मानसिक बीमारी की बढ़ती घटनाओं को ध्यान में रखकर शुरू की गई थी। हेल्पलाइन - 1800-500-0019 मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों को राहत और सहायता प्रदान करेगी।

15. **बेंगलुरु** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) में कैरियर के लिए गंतव्य स्थलों की सूची में शीर्ष पर है।

    नोट: इस क्षेत्र में नौकरी की तलाश पिछले वर्ष (जून 2019 से जून 2020) में 106 प्रतिशत बढ़ी है, और यह महामारी की शुरुआत के अनुरूप मार्च से जुलाई 2020 तक 20 प्रतिशत बढ़ गई है। जून 2019 और जून 2020 के बीच 51 प्रतिशत की वृद्धि के साथ AI से संबंधित जॉब पोस्टिंग में पिछले दो वर्षों में लगातार वृद्धि देखी गई है।

16. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के जयपुर शहर में पत्रिका गेट का उद्घाटन किया है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट: प्रतिष्ठित गेट गुलाबी नगर में जवाहरलाल नेहरू मार्ग पर पत्रिका ग्रुप ऑफ न्यूजपेपर्स द्वारा बनाया गया है। प्रधान मंत्री मोदी ने इस अवसर पर समूह के अध्यक्ष द्वारा लिखित दो पुस्तकों का भी विमोचन किया, जो राजस्थान पत्रिका ग्रुप के प्रधान संपादक और पत्रिका ग्रुप ऑफ न्यूजपेपर्स के अध्यक्ष गुलाब कोठारी हैं।

17. सर्वेक्षण के 75वें दौर में 'घरेलू सामाजिक उपभोग' पर NSO की रिपोर्ट के अनुसार, आंध्रप्रदेश देश में 66.4% की साक्षरता दर के साथ न्यूनतम साक्षर राज्य के रूप में उभरा है।

नोट: रिपोर्ट के अनुसार, केरल फिर से देश में सर्वाधिक साक्षर राज्य रहा, इसके बाद दिल्ली (88.7%), उत्तराखंड (87.6%), हिमाचल प्रदेश (86.6%) और असम (85.9%) था। भारत में समग्र साक्षरता दर 77.7% है, जहां ग्रामीण क्षेत्रों में 73.5% साक्षरता दर और शहरी क्षेत्रों में 87.7% साक्षरता दर है।

18. नीति आयोग द्वारा गठित बहुआयामी निर्धनता सूचकांक समन्वय समिति (MPICC) की अध्यक्ष **संयुक्ता समदर** हैं।

नोट: इसमें बिजली मंत्रालय, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, दूरसंचार मंत्रालय, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन, ग्रामीण विकास, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, पेयजल और स्वच्छता, शिक्षा, आवास और शहरी कार्यक्रम, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और वित्तीय सेवा के सदस्य हैं।

19. राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) ने युवाओं को रोजगार देने हेतु नि:शुल्क शिक्षा के साधन उपलब्ध कराने के लिए **लिंक्डइन** के साथ साझेदारी की है।

नोट: लिंक्डइन के अनुसार, वर्ष 2020 में बिना डिजिटल कौशल वाले पेशेवरों की तुलना में डिजिटल कौशल वाले भारतीय पेशेवरों की मांग 20 प्रतिशत अधिक है। इस साझेदारी के तहत, 10 नि:शुल्क लिंक्डइन शिक्षण मार्ग, जिसमें मांग वाली कई तकनीकी नौकरियों के लिए 140 कोर्स शामिल हैं, को 31 मार्च, 2021 तक ईस्किल इंडिया डिजिटल प्लेटफॉर्म पर नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। यह भारत के युवाओं को नौकरियों के लिए कौशल विकास में मदद करेगा।

20. **अटल इनोवेशन मिशन (AIM)** ने आत्मनिर्भर भारत ARISE-अटल न्यू इंडिया चैलेंज लॉन्च किया है।

नोट: कार्यक्रम भारतीय MSME और स्टार्टअप्स में प्रायौगिक अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देगा। यह पहल MSME क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक नवाचारों को पहचानने और बढ़ावा देने में मदद करेगी।

21. वर्चुअली आयोजित पहले विश्व सौर प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन 2020 में लगभग **149** देशों ने भाग लिया।

नोट: शिखर सम्मेलन का उद्घाटन भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था। शिखर सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों और अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों पर ध्यान देना है।

22. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा **प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY)** योजना शुरू की गई है जिसका उद्देश्य देश में मत्स्यपालन क्षेत्र के केंद्रित और संधारणीय विकास पर ध्यान देना करना है।

नोट: इस योजना को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में वित्तीय वर्ष 2020-21 से वित्तीय वर्ष 2024-25 तक 5 वर्ष की अवधि के अंदर 20,050 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर लागू किया जाएगा। इस योजना को केन्द्र के आत्मनिर्भर भारत पैकेज के भाग के रूप में घोषित किया गया था। MMSY के तहत 20,050 करोड़ रुपये का निवेश मत्स्य पालन क्षेत्र में अब तक का सर्वाधिक निवेश है।

23. **छत्रपति शिवाजी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, मुंबई** अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में यात्रियों के लिए QR कोड-सक्षम संपर्क-रहित आगमन तंत्र है।

नोट: छत्रपति शिवाजी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, मुंबई ने यात्रियों के लिए एक QR कोड-सक्षम संपर्क-रहित

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

आगमन तंत्र स्थापित किया है, जो उन्हें दूरी से चेक-इन करने के लिए मोबाइल फोन का प्रयोग करने और बोर्डिंग पास और बैग टैग प्रिंटिंग के लिए सेल्फ-बैग ड्रॉप कियोस्क की अनुमति देता है। मुंबई हवाई अड्डे पर यात्रियों को अपने मोबाइल डिवाइस पर रिमोट कीबोर्ड और माउस का उपयोग करने के लिए कियोस्क को छुए बिना केवल कियोस्क पर दिखाए गए QR कोड को स्कैन करना होगा।

24. भारत सरकार ने **राजीव महर्षि** की अध्यक्षता में COVID-19 संबंधित विलंबकाल पर ब्याज की छूट और ब्याज पर ब्याज छूट से संबंधित बैंक उधारकर्ताओं को राहत के समग्र मूल्यांकन हेतु एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया है।

नोट: भारतीय स्टेट बैंक समिति को सचिवालयिक सहायता प्रदान करेगा। समिति इस उद्देश्य के लिए आवश्यकता पड़ने पर बैंकों या अन्य हितधारकों से परामर्श कर सकती है।

25. कर्नाटक में हुब्बली रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर **सिद्धरूधा स्वामीजी** के नाम पर किया गया है।

नोट: केंद्र सरकार ने हुब्बली रेलवे स्टेशन का नाम बदलने की हुबली वासियों की लंबे समय से लंबित मांग को मंजूरी दे दी। हुब्बली रेलवे स्टेशन का नाम, जो दक्षिण पश्चिम रेलवे का मुख्यालय है, पिछले पांच वर्षों में दूसरी बार बदला जा रहा है। इसे 2015 में 'हुबली' से 'हुब्बली' किया गया।

26. केन्द्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने 'स्ट्रीट्स फॉर पीपुल' चैलेंज लॉन्च किया है।

नोट: CSCAF का उद्देश्य निवेश सहित कार्यों का नियोजन और कार्यान्वयन करते समय जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने की दिशा में शहरों के लिए एक स्पष्ट दिशानिर्देश प्रदान करना है।

27. DPIIT के अनुसार, उदीयमान उद्यमियों के लिए स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी के विकास में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला राज्य **गुजरात** है।

नोट: सभी राज्यों और दूसरे केंद्र शासित प्रदेशों को छोड़कर दिल्ली सहित सभी राज्यों के बीच गुजरात को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकारी राज्य के रूप में वर्गीकृत किया गया। कुल 22 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों ने इसमें भाग लिया।

28. **NIMHANS** ने इंडियन ब्रेन टेंपलेट्स (IBT) और एक ब्रेन एटलस विकसित किया है।

नोट: मनोचिकित्सा प्रोफेसर इंटीग्रेटिव मेडिसिन विभाग भरत होला; प्रोफेसर और न्यूरो-इमेजिंग तथा इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी विभाग के प्रमुख रोज डॉन भरत; और डॉ. बेनेगल के नेतृत्व में डॉक्टरों की एक टीम द्वारा किया गया शोध 26 अगस्त को ह्यूमन ब्रेन मैपिंग पत्रिका में प्रकाशित हुआ।

29. **स्वर्ण मंदिर** को विदेशी दान प्राप्त करने में सक्षम बनाते हुए विदेशी योगदान विनियमन अधिनियम (FCRA) पंजीकरण प्रदान किया गया है।

नोट: श्री हरमंदिर साहिब को FCRA की अनुमति देने के सरकार के फैसले से संगत और श्री दरबार साहिब के बीच सेवा संबंध मजबूत होगा। FCRA पंजीकरण 'सचखंड श्री हरमंदिर साहिब श्री दरबार साहिब पंजाब एसोसिएशन' के नाम पर दिया गया है, जो वर्ष 1925 में स्थापित एक संस्था है। FCRA 5 वर्ष के लिए वैध होगा।

30. रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के बाद 9 लाख करोड़ रुपये से अधिक का बाजार मूल्य प्राप्त करने वाली दूसरी भारतीय कंपनी **टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS)** है।

नोट: कंपनी का बाजार मूल्य इसके शेयर कीमत में उछाल की सहायता से शुरुआती कारोबार में 9 लाख करोड़ रुपये के पार हो गया। BSE पर सॉफ्टवेयर सेवा कंपनी का स्टॉक 2.91% बढ़कर 2,442.80 रुपये पर पहुंच गया, जो इसका रिकॉर्ड उच्चतम स्तर है।

31. **इन्फोसिस** 30 मिलियन यूरो (लगभग 260.4 करोड़ रुपये) में चेक गणराज्य स्थित गाइड विज़न का अधिग्रहण करेगी।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट: इन्फोसिस लिमिटेड की एक सहायक कंपनी, इंफी कंसल्टिंग कंपनी लिमिटेड द्वारा अधिग्रहण किया जा रहा है। विनियामक फाइलिंग के अनुसार, 'अर्न-आउट और बोनस' सहित अधिग्रहण की कीमत 30 मिलियन यूरो है।

32. भारत को वर्ष 2021-2025 के लिए संयुक्त राष्ट्र के कमीशन ऑन स्टेटस ऑफ वूमन (CSW) का सदस्य चुना गया है।

नोट: भारत वर्ष 2021 से 2025 तक चार वर्ष के लिए सदस्य रहेगा। भारत, अफगानिस्तान और चीन ने कमीशन ऑन स्टेटस ऑफ वूमन के लिए चुनाव लड़ा था। भारत और अफगानिस्तान ने 54 सदस्यों के बीच मतपत्र जीता, जबकि चीन आधे मत से आगे नहीं बढ़ सका।

33. इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट - अहमदाबाद में इंडिया गोल्ड पॉलिसी सेंटर (IGPC) ने भारत में इंटरनेशनल बुलियन एक्सचेंज (IBE) की स्थापना हेतु परामर्श देने के लिए इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज़ सेंटर अथॉरिटी (IFSCA) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।

नोट: MoU के भाग के रूप में, IGPC-IIMA, स्वर्ण बाजार के क्षेत्र में संस्थानिक विशेषज्ञता वाला एक स्वतंत्र थिंक टैंक, IFSCA के लिए इंटरनेशनल बुलियन एक्सचेंज को सफलतापूर्वक शुरू करने के लिए एक नॉलेज पार्टनर होगा। IGPC-IIMA व्यापक दृष्टि समायोजन, सफलता रणनीतियों के विकास और सराफा विनिमय के सहज संचालन के लिए परिचालन दिशानिर्देश बनाने के लिए एक टॉप-डाउन एप्रोच का पालन करेगा।

34. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हरियाणा के लिए ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर प्रॉजेक्ट को मंजूरी दी।

नोट: यह परियोजना हरियाणा रेल अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (HRIDC) द्वारा कार्यान्वित की जाएगी और परियोजना के पूरी होने की अनुमानित लागत 5,617 करोड़ रुपये है।

35. ग्लोबल आयुर्वेद समिट के चौथे संस्करण का विषय Emerging Opportunities for Ayurveda during Pandemic है जिसका उद्घाटन उप-राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने किया।

नोट: शिखर सम्मेलन में 8-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, 30-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी और फोकस्ड बिजनेस टू बिजनेस मीटिंग और 25 से अधिक देशों की भागीदारी शामिल होगी। शिखर सम्मेलन का उद्देश्य 'हेल्थ एज़ वन' और 'इम्युनिटी थ्रू आयुर्वेदा' नामक समाधान के रूप में आयुर्वेद प्रतिरक्षा मॉडल को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करना है।

36. भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (BHEL) ने भारत में मैग्नेटिक लेविटेशन प्रॉजेक्ट्स के लिए Swiss Rapide AG के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।

नोट: भारत सरकार की पहलों 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' की पृष्ठभूमि में समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। MoU अत्याधुनिक मैग्लेव ट्रेनों के स्वदेशी विनिर्माण को सक्षम बनाएगा। MoU पारस्परिक लाभकारी व्यावसायिक अवसरों पर सहयोग और अन्वेषण की नींव रखेगा।

37. देशों की मानव पूंजी के प्रमुख घटकों को प्रदर्शित करने वाले विश्व बैंक के वार्षिक ह्यूमन कैपिटल इंडेक्स के नवीनतम संस्करण में भारत की रैंक 116वीं है।

नोट: हालांकि, विश्व बैंक द्वारा जारी ह्यूमन कैपिटल इंडेक्स रिपोर्ट के अनुसार, 2018 में भारत का स्कोर 0.49 से बढ़कर 0.49 हो गया। 2020 ह्यूमन कैपिटल इंडेक्स अपडेट में मार्च 2020 तक 174 देशों - दुनिया की 98 प्रतिशत आबादी - के लिए स्वास्थ्य और शिक्षा डेटा शामिल हैं, जो निम्न-आय वाले देशों में किए गए सबसे बड़े प्रयासों के साथ, बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर एक पूर्व-महामारी आधार रेखा प्रदान करता है।

38. सिंगापुर यूनिवर्सिटी फॉर टेक्नोलॉजी एंड डिजाइन (SUTD) के साथ इंस्टीट्यूट फॉर मैनेजमेंट डेवलपमेंट

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

(IMD) द्वारा जारी ग्लोबल स्मार्ट सिटी इंडेक्स में भारतीय शहरों में हैदराबाद शीर्ष स्थान पर है।

नोट: सूचकांक आर्थिक और तकनीकी आंकड़ों के साथ-साथ नागरिकों की इस धारणा कि उनके शहर कितने "स्मार्ट" हैं, के आधार पर शहरों को रैंक प्रदान करता है। इस सूचकांक में सिंगापुर शीर्ष पर है, इसके बाद हेलसिंकी और ज्यूरिख शीर्ष तीन स्मार्ट शहर हैं। 2020 स्मार्ट सिटी इंडेक्स में, हैदराबाद शीर्ष भारतीय शहर था, जिसे 85वें स्थान पर रखा गया।

39. इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, नई दिल्ली में भारत ने अपना पहला विशेष प्राइवेट जेट टर्मिनल शुरू किया है।

नोट: टर्मिनल का उद्घाटन केंद्रीय नागर विमानन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने किया था। हवाई अड्डा दैनिक आधार पर 150 जेट की आवागमन की अनुमति देगा। नए टर्मिनल में एक घंटे में 50 से अधिक यात्रियों को संभालने की क्षमता है। भारत की अत्यंत अमीर आबादी 2013 और 2018 के बीच 116% बढ़ी है। यह 2023 तक 37% से अधिक बढ़ने की उम्मीद है। अत्यंत अमीर व्यक्तियों को 30 मिलियन अमेरिकी डॉलर की निवल संपत्ति वाले व्यक्तियों के रूप में परिभाषित किया गया है।

40. आयुष मंत्रालय ने पोषण अभियान के एक भाग के रूप में कुपोषण को नियंत्रित करने के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।

नोट: MoU देश में कुपोषण को नियंत्रित करने के लिए अपनाए जा रहे कुछ समय परीक्षित और वैज्ञानिक रूप से सिद्ध आयुष-आधारित समाधानों पर विचार करेगा। MoU देश में माताओं और बच्चों में कुपोषण की समस्या से निपटने में मदद करेगा।

41. सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड (HOCL) को अपने सभी उत्पादों के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) प्रमाण पत्र दिया गया है।

नोट: कंपनी किसी न किसी प्रकार से भारत सरकार की मेक इन इंडिया पहल का भी समर्थन और कार्यान्वयन कर रही है। यह रासायनिक उद्योग की अग्रणी कंपनी है, जिसकी विनिर्माण इकाई केरल में कोच्चि में है। हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड (HOCL) के सभी उत्पादों को व्यापक रूप से स्वीकार किया जा रहा है, विशेषकर फार्मास्युटिकल उद्योग में जहां उच्चतम उत्पाद गुणवत्ता देखी जाती है।

42. भारतीय रेलवे ने 16 से 30 सितंबर, 2020 तक "स्वच्छता पखवाड़ा" मनाया।

नोट: पखवाड़े के दौरान, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने के साथ स्टेशनों, ट्रेनों, पटरियों, कॉलोनियों और अन्य रेलवे प्रतिष्ठानों की सफाई और स्वच्छता पर ध्यान दिया जा रहा है।

43. दुनिया के सबसे बड़े रेडियो टेलीस्कोप का निर्माण करने वाली एक अंतर्राष्ट्रीय पहल स्क्वायर किलोमीटर एरे (SKA) कार्यक्रम में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) द्वारा डिजाइन और निर्मित नियंत्रण प्रणाली होगी।

नोट: कई अन्य प्रमुख भारतीय वैज्ञानिक संस्थान भी TCS के नेतृत्व में परियोजना में योगदान दे रहे हैं। टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च (TIFR) का नेशनल सेंटर फॉर रेडियो एस्ट्रोफिजिक्स (NCRA) परियोजना का प्रमुख टेलीस्कोप मैनेजर (TM) है, जबकि अन्य संस्थान जैसे रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट (RRI) और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स (IIA) बेंगलुरु, इंटर-यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स (IUCAA) पुणे, कई IIT और अन्य भारतीय संस्थान वैज्ञानिक साझेदार हैं।

44. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के बिहार राज्य में 1.9 किलोमीटर लंबी कोसी रेल मेगा ब्रिज परियोजना का उद्घाटन किया।

नोट: यह चुनावी माहौल वाले बिहार में मोदी जी का चौथा डिजिटल उद्घाटन और परियोजनाओं एवं योजनाओं का शिलान्यास समारोह था। 516 करोड़ की लागत से निर्मित कोसी नदी पर 1.9 किलोमीटर लंबा

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

कोसी रेल मेगा ब्रिज, बिहार को इसके उत्तर-पूर्वी भाग से जोड़ेगा और इसका भारत-नेपाल सीमा के साथ सामरिक महत्व भी रखेगा।

45. अरुण जेटली मेमोरियल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण के लिए शिलान्यास **कठुआ, जम्मू और कश्मीर** में किया गया है।

नोट: अरुण जेटली मेमोरियल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स 270 कनाल भूमि पर फैला होगा और इसे प्रधानमंत्री डेवलपमेंट पैकेज (PMDP) के तहत 5 करोड़ 28 लाख रुपये की अनुमानित लागत पर बनाया जाएगा। अत्याधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स उत्तरी क्षेत्र में अपनी तरह का पहला स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स होगा, जिसमें एक ही स्थान पर अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय मानकों की कई खेल सुविधाएं होंगी।

46. IIT रुड़की ने ओडिशा यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी (OUAT), भुवनेश्वर के साथ कृषि अनुसंधान के क्षेत्र में फ्रंटियर टेक्नोलॉजी और गुणवत्तापूर्ण श्रमशक्ति का सृजन करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।

नोट: समझौता ज्ञापन के अनुसार, दोनों संस्थान अनुसंधान कार्यक्रमों में सहयोग करेंगे जहां IITR और OUAT ग्रामीण आजीविका के अवसर सृजन के लिए कृषि के क्षेत्र में संयुक्त रूप से जीनोमिक्स, ट्रांसजेनिक्स और मेटाबोलॉमिक्स, फसल सुधार, सूचना और संचार, कृषि में सेंसर का अनुप्रयोग, सूचना और संचार, आईटी आधारित सामाजिक विकास और कृषि के संबंधित पहलुओं पर कार्य करेंगे।

47. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने **दरभंगा, बिहार** पर एक नए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) की स्थापना को मंजूरी दी है।

नोट: कुल लागत 1264 करोड़ रुपये होगी और इसके भारत सरकार द्वारा अनुमोदन की तारीख से चार वर्ष के अंदर पूरा होने की संभावना है। मेडिकल कॉलेज में 100 MBBS सीटें होंगी।

48. COVID-19 से लड़ने वाले स्वास्थ्य कर्मियों के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज बीमा योजना को **छह महीने** के लिए बढ़ाया गया।

नोट: इसे इस वर्ष 30 मार्च को 90 दिनों की अवधि के लिए घोषित किया गया था और इसे 25 सितंबर तक 90 दिनों की अवधि के लिए बढ़ाया गया था। इस योजना को अब और 180 दिनों के लिए बढ़ाया गया है।

49. जितेंद्र सिंह ने "डेस्टिनेशन नॉर्थ ईस्ट -2020" के लिए लोगो और गीत का अनावरण किया।

नोट: केंद्रीय मंत्री, डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से "डेस्टिनेशन नॉर्थ ईस्ट-2020" (द इमर्जिंग डिलाइटफुल डेस्टिनेशंस) फेस्टिवल के लोगो और गीत का अनावरण किया। चार दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन 27 सितंबर, 2020 को औपचारिक रूप से गृह मंत्री अमित शाह द्वारा किया जाएगा।

50. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार राज्य में "घर तक फाइबर" योजना शुरू की है।

नोट: ऑप्टिकल फाइबर सेवाएं "घर तक फाइबर" योजना के तहत प्रदान की जा रही हैं। ये सेवाएं कॉमन सर्विस सेंटर के संयुक्त प्रयासों के साथ कार्यान्वित की जाएंगी।

51. पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) ने एक सींग वाले गैंडे के लिए एक राष्ट्रीय संरक्षण कार्यनीति (नेशनल कंजर्वेशन स्ट्रेटज़ी) शुरू की।

नोट: गैंडे के संरक्षण की पहल ने चरागाह प्रबंधन को भी समृद्ध किया है जो कार्बन प्रच्छादन के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभावों को कम करने में मदद करता है। भारत असम, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में 3000 आबादी के साथ दुनिया में एक सींग वाले विशाल गैंडों का सबसे बड़ा आवास है।

52. HCL टेक्नोलॉजीज ने विशेष रूप से ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में अपनी डिजिटल सेवाओं का विस्तार करने

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

हेतु एक बोली में 115.8 मिलियन डॉलर में ऑस्ट्रेलियाई आईटी कंपनी DWS लिमिटेड के अधिग्रहण की घोषणा की है।

नोट: DWS ग्रुप ने 122.9 मिलियन डॉलर राजस्व के साथ वित्त वर्ष 2020 की समाप्ति की और मेलबोर्न, सिडनी, एडिलेड, ब्रिसबेन तथा कैनबरा में इसके 700 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं।

53. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने अपना 46वां स्थापना दिवस मनाया।

नोट: CBCB की स्थापना 23 सितंबर, 1974 को देश में पर्यावरण अनुसंधान, निगरानी, विनियमन और प्रवर्तन के लिए केंद्र सरकार की तकनीकी शाखा के रूप में जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम के तहत की गई थी।

54. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) द्वारा राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना (NAHEP) के तहत नियोजित हैकथॉन KRITAGYA है।

नोट: यह हैकथॉन महिलाओं के अनुकूल उपकरणों पर विशेष जोर देने के साथ फार्म मशीनीकरण को बढ़ाने हेतु संभावित प्रौद्योगिकी समाधानों के प्रोत्साहन के लिए नियोजित की गई है। देश भर के किसी भी विश्वविद्यालय/ तकनीकी संस्थान के छात्र, संकाय और नवप्रवर्तक/ उद्यमी एक समूह के रूप में इस कार्यक्रम में आवेदन कर सकते हैं और भाग ले सकते हैं।

55. नीति आयोग के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) 5 से 9 अक्टूबर, 2020 तक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) पर एक शिखर सम्मेलन RAISE 2020 (रिस्पॉन्सिबल एआई फॉर सोशल एंपावरमेंट 2020) आयोजित करेगा।

नोट: RAISE 2020 विचारों का आदान-प्रदान करने और स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा और स्मार्ट मोबिलिटी जैसे क्षेत्रों में सामाजिक परिवर्तन, समावेश और सशक्तिकरण हेतु AI का उपयोग करने के लिए विशेषज्ञों एक वैश्विक बैठक होगी।

56. भारतीय रेलवे **वर्ष 2023** तक ब्रॉड-गेज मार्गों के 100% विद्युतीकरण को पूरा करने की योजना बना रही है।

नोट: इस वर्ष 1 अप्रैल तक कुल 63,631 किलोमीटर मार्ग में से लगभग 63 प्रतिशत ब्रॉड गेज लाइनों का विद्युतीकरण किया जा चुका है। देश में कुल 23,765 किलोमीटर लाइनों का विद्युतीकरण होना शेष है।

57. केंद्र सरकार ने राज्यों को कोविड-19 से लड़ने के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया निधि (SDRF) का 50% खर्च करने की अनुमति दी है।

नोट: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सात सर्वाधिक प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को यह बताने कि उनकी सरकार ने महामारी से लड़ाई में अवसंरचना विकास हेतु SDRF खर्च करने की राज्यों की सीमा बढ़ा दी है, के बाद यह हुआ। जिन क्षेत्रों में राज्य 50 प्रतिशत SDRF तक खर्च कर सकते हैं, उनमें क्वारंटीन, सैम्पल कलेक्शन और स्क्रीनिंग सुविधाएं शामिल हैं।

58. मुंबई शहर के लिए कलाकार और कार्टूनिस्ट रोहन चक्रवर्ती ने एक जैवविविधता मानचित्र बनाया है।

नोट: मानचित्र कलाकार और कार्टूनिस्ट रोहन चक्रवर्ती द्वारा बनाया गया है। मानचित्र जलवायु कार्यवाही हेतु युवा सामूहिक संस्था मिनिस्ट्री ऑफ मुंबई मैजिक द्वारा शुरू किए गए 'बायोडायवर्सिटी बाय द बे' नामक अभियान के लिए विशेष रूप से बनाया गया है। छोटे राजहंस के लिए संरक्षित दर्जा और कोली समुदायों के आजीविका समर्थन सहित अभियान का पांच सूत्रीय उद्देश्य है।

महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

1. **मध्य प्रदेश** राज्य सरकार ने 'गंदगी भारत छोड़ो' अभियान शुरू किया है।
   नोट: अभियान के दौरान, 7 लाख से अधिक लोगों ने स्वच्छता बनाए रखने की शपथ ली और गीले कचरे से खाद बनाने के लिए आठ लाख सत्तर हजार लोगों से संपर्क किया गया। मास्क जागरूकता अभियान के अंतर्गत नागरिकों की सहायता से चार लाख पैंसठ हजार मास्क वितरित किए गए।
2. जम्मू-कश्मीर आधिकारिक भाषा विधेयक 2020 के अनुसार डोगरी, हिंदी और कश्मीरी केंद्र शासित प्रदेश की आधिकारिक भाषा घोषित किया गया है।
   नोट: जम्मू-कश्मीर आधिकारिक भाषा विधेयक 2020 को आगामी मानसून सत्र में संसद में पेश किया जाएगा। इस विधेयक में डोगरी, हिंदी और कश्मीरी केंद्र शासित प्रदेश की आधिकारिक भाषा के रूप में शामिल होंगे। भोटी लद्दाख क्षेत्र में बोली जाती है।
3. **ओडिशा** राज्य सरकार ने AMA SAHAR और SWACHHA SAHAR वेब ऐप लॉन्च किया है।
   नोट: वेब ऐप लॉन्च करने के साथ, शहरी स्थानीय निकाय (ULB) उपयोग प्रमाण पत्र ऑनलाइन प्रस्तुत करने में सक्षम होंगे, जो बेहतर वित्तीय प्रबंधन लाएगा।
4. एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत, गोवा को **झारखंड** राज्य के साथ जोड़ा गया है।
   नोट: झारखंड के स्टालों ने उस राज्य से व्यंजनों का प्रदर्शन किया और गोवावासियों ने इसका आनंद उठाया। झारखंड के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत लोक नृत्यों को गोवा के कलाकारों द्वारा सराहा गया। बाद में गोवा के कलाकारों ने भी झारखंड का दौरा किया और गोवा के लोक नृत्य प्रस्तुत किए।
5. **आंध्र प्रदेश** राज्य सरकार ने एक बल्क ड्रग पार्क (BDP) की स्थापना के लिए CSIR- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी (CSIR-IICT) के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) में प्रवेश किया है।
   नोट: MoU का उद्देश्य राज्य सरकार और CSIR-IICT के बीच राज्य में बल्क ड्रग फार्मा पार्क स्थापित करने के लिए एक सहयोगपूर्ण साझेदारी विकसित करना है। यह केंद्र से वित्तीय सहायता प्राप्त है।
6. **पंजाब** राज्य सरकार ने पर्यावरण संरक्षण के लिए 'आई रखवाली' ऐप लॉन्च किया है।
   नोट: इस नई पहल के साथ, राज्य सरकार का उद्देश्य लोगों को इस प्रक्रिया में हितधारक बनाकर राज्य के वन क्षेत्र की सुरक्षा करना है। राज्य सरकार ने लोगों को आगे आकर पर्यावरण की सुरक्षा में योगदान देने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए ऐप की अवधारणा पेश की है।
7. **उत्तर प्रदेश राज्य** किसान उत्पादक संगठनों की सहायता हेतु किसानों के लिए उद्योग बंधु जैसी संस्था का निर्माण करेगा।
   नोट: केंद्र सरकार द्वारा अगस्त में घोषित कृषि अवसंरचना निधि (AIF) की सहायता से फसल उपरांत अवसंरचना प्रबंधन और सामुदायिक कृषि परिसंपत्ति हेतु परियोजनाओं में निवेश करने में किसान उत्पादक संगठनों (FPO) की सहायता के लिए उत्तर प्रदेश उद्योग बंधु की तर्ज पर एक अलग संस्था बनाएगा।
8. **जम्मू और कश्मीर** पहली भांग औषधि परियोजना की स्थापना किस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में की जाएगी_____ ।
   नोट: भांग औषधि परियोजना कनाडा और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटिव मेडिसिन (IIIM) जम्मू के सहयोग से स्थापित की जाएगी। केंद्र शासित प्रदेश (UT) बनने के बाद जम्मू और कश्मीर में यह पहला बड़ा विदेशी निवेश है।
9. **तमिलनाडु** ने केंद्र की राष्ट्रीय शिक्षा नीति का अध्ययन करने और सिफारिशों के लिए एक सात सदस्यीय उच्च-स्तरीय समिति का गठन किया है।
   नोट: मनोनमनियम सुंदरनार विश्वविद्यालय के उप-कुलपति के. पिचुमणि; अलगप्पा विश्वविद्यालय के उप-कुलपति एन. राजेंद्रन; मदुरै कामराज विश्वविद्यालय के उप-कुलपति एम. कृष्णन; और

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

तिरुवल्लुवर विश्वविद्यालय के उप-कुलपति एस. थमारई सेल्वी समिति में सदस्य हैं।

10. हरियाणा राज्य सरकार ने नए शैक्षणिक सत्र 2020-21 के लिए सरकारी सहायता प्राप्त और स्व-वित्तपोषित कॉलेजों में पूर्वस्नातक पाठ्यक्रमों के लिए शैक्षणिक वाट्सऐप चैटबॉट "अपका मित्र" और ऑनलाइन प्रवेश प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है।

नोट: 'आपका मित्र' छात्रों के प्रवेश संबंधी प्रश्नों के समाधान हेतु अपनी तरह का पहला शैक्षणिक वाट्सऐप चैटबोट है। छात्र प्रवेश और छात्रवृत्ति के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए वाट्सऐप चैटबोट नंबर 7419444449 पर संदेश भेज सकते हैं।

11. आंध्र प्रदेश सरकार ने स्तनपान कराने वाली माताओं और गर्भवती महिलाओं को भोजन उपलब्ध कराने के लिए संपूर्ण पोषण योजना शुरू की है ताकि उनकी पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।

नोट: इस योजना का उद्देश्य स्तनपान कराने वाली माताओं और गर्भवती महिलाओं को भोजन प्रदान करना है ताकि उनकी पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। यह योजना राज्य के कमजोर वर्ग के बीच कुपोषण को कम करेगी।

12. दिल्ली राज्य सरकार ने उपभोक्ताओं की शिकायतों की ई-फाइलिंग के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल का उद्घाटन किया है।

नोट: delhistatecommission.nic.in के माध्यम से उपगम्य, सॉफ्टवेयर भारतीय स्टेट बैंक के समन्वय में राष्ट्रीय सूचनात्मक केंद्र (एनआईसी) द्वारा विकसित किया गया है, जो डिजिटल रूप से शुल्क के भुगतान के लिए पेमेंट गेटवे प्रदान कर रहा है। दिल्ली राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (DSCDRC) ने विशेष रूप से महामारी के कारण उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए पोर्टल लॉन्च करने का निर्णय लिया।

13. असम राज्य सरकार ने पोषण माह के भाग के रूप में पौष्टिक भोजन को बढ़ावा देने के लिए किचन गार्डन का शुभारंभ किया है।

नोट: किचन गार्डन या न्यूट्री गार्डन राज्य भर के आंगनवाड़ी केंद्रों और सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में स्थापित किए जाएंगे। पोषण माह भारत का प्रमुख कार्यक्रम है, जो मार्च 2018 में 6 वर्ष तक के बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं की पोषण स्थिति को बेहतर बनाने के लिए शुरू किया गया है।

14. तमिलनाडु राज्य सरकार ने नेत्रदान के लिए एक पोर्टल लॉन्च किया है।

नोट: मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय नेत्र दान पखवाड़े के भाग के रूप में अपनी आंखें दान करने का भी संकल्प लिया। पोर्टल उन लोगों को सक्षम करेगा जो अपनी आंखें दान करने की इच्छा रखते हैं - www.hmis.tn.gov.in/eye-donor।

15. कर्नाटक के मुख्यमंत्री, बी.एस. येदियुरप्पा ने **वीर सावरकर** के नाम पर एक फ्लाईओवर का उद्घाटन किया।

नोट: शहर में मेजर संदीप उन्नीकृष्णन रोड पर बने 400 मीटर लंबे फ्लाईओवर का उद्घाटन किया गया। बेंगलुरु की नागरिक संस्था ब्रुहत बेंगलुरु महानगर पालिका (BBMP) ने 34 करोड़ रुपये की लागत से फ्लाईओवर का निर्माण किया।

16. रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन (RPA) सॉफ्टवेयर कंपनी, UiPath ने बढ़ती कौशल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए **आंध्रप्रदेश** राज्य कौशल विकास निगम के साथ साझेदारी की है।

नोट: इस कार्यक्रम को अगले एक वर्ष में बढ़ती कौशल आवश्यकताओं को पूरा करने और 50,000 से अधिक छात्रों में RPA लचीलापन के निर्माण हेतु तैयार किया गया है। इसके अनुसार, APSSDC राज्य में सभी UiPath अकादमिक गठबंधन गतिविधियों के लिए क्षेत्रीय केंद्र के रूप में कार्य करेगा। शुरू करने के लिए, UiPath 100 APSSDC संस्थानों को ऑनबोर्ड करेगा।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

17. आंध्रप्रदेश से देश की दूसरी और दक्षिण भारत की पहली "किसान ट्रेन" को हरी झंडी दिखाई गई।

नोट: आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी और केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने नई दिल्ली और अमरावती से एक वीडियो लिंक के माध्यम से ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। 14 पार्सल वैन से लदी यह ट्रेन 40 घंटे में 2,150 किमी की दूरी तय करेगी।

18. केंद्र शासित प्रदेश, **जम्मू और कश्मीर** में एक एकीकृत शिकायत निवारण एवं निगरानी तंत्र (IGRAMS) शुरू किया गया है।

नोट: यह प्रणाली 2018 में सरकार द्वारा शुरू किए गए पोर्टल की जगह लेगी। यह पहला केंद्र शासित प्रदेश है जो केंद्र सरकार की प्रणाली CPGRAMS से जुड़ा होगा।

19. **ओडिशा** राज्य सरकार ने राज्य में प्रमुख स्वच्छता कर्मियों की आर्थिक सुरक्षा और सामाजिक प्रतिष्ठा सुनिश्चित करने के लिए 'गरिमा' योजना शुरू की है।

नोट: राज्य आवास एवं शहरी विकास विभाग ओडिशा के सभी 114 शहरी स्थानीय निकायों (ULB) में योजना की कार्यान्वयन एजेंसी होगी। इस योजना से लगभग 20,000 प्रमुख स्वच्छता कर्मियों और उनके परिवार लाभान्वित होंगे।

20. भारत का सबसे बड़ा सूअर पालन मिशन मेघालय में शुरू किया गया है।

नोट: 200 करोड़ रुपये के वित्त पोषण के साथ, मिशन का मेघालय में 20,000 से अधिक उद्यमों को लाभान्वित करने का परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ेगा। मेघालय राज्य सूअर पालन मिशन को NCDC के सहयोग से शुरू किया गया था।

21. महाराष्ट्र राज्य सरकार ने कोविड-19 का सामना करने के लिए 'माई फैमिली, माई रिस्पॉन्सिबिलिटी' अभियान शुरू किया।

नोट: अभियान का उद्देश्य प्रभावी COVID-19 नियंत्रण हेतु एक नई जीवन शैली अपनाने के लिए अधिकतम लोगों को प्रेरित करना और लोगों तक पहुंचना इससे पहले कि वायरस उन तक पहुंचे। इसका मुख्य उद्देश्य COVID-29 के नियंत्रण हेतु प्रभावी स्वास्थ्य शिक्षा अर्जित करना है। यह 2 चरणों में आयोजित किया जाएगा।

22. गुजरात राज्य सरकार ने राज्य में MSME की आत्मनिर्भरता बढ़ाने और उन्हें क्षमता निर्माण तथा बाजार सहायता प्रदान करने के लिए सिडबी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।

नोट: इसका उद्देश्य राज्य में प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और नवाचार में तेजी लाना है। सिडबी राज्य में लघु उद्योगों को वर्तमान COVID-19 स्थिति से प्रभावी ढंग से बाहर निकलने में मदद करेगा, और राज्य में MSME समूहों के लिए अवसंरचना परियोजनाओं और सामान्य सुविधा केंद्रों की व्यवहार्यता का मूल्यांकन भी करेगा।

23. कर्नाटक राज्य सरकार ने राज्य में पर्यटन संबंधी पहलुओं को बढ़ावा देने और जिला-स्तर पर पर्यटन प्रोत्साहन के लिए 'टूरिज्म पॉलिसी 2020-25' को मंजूरी दी है।

नोट: पॉलिसी में धरोहर, वन्यजीव, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, साहसिक, तटीय, प्रकृति, स्वास्थ्य और कृषि से संबंधित पर्यटन को बढ़ावा देने की योजना है। भाग ने नई नीति के तहत जिलों और गैर-पारंपरिक पर्यटक सर्किट पर ध्यान केंद्रित करते हुए सब्सिडी देने की योजना बनाई है, जिसे 1.2 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

24. **राजस्थान** राज्य सरकार ने अपने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (MSME) पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने के लिए भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: यह समझौता ज्ञापन राज्य सरकार की MSME की समस्याओं पर बेहतर समझ रखने और बेहतर समाधान प्रदान करने के लिए सहायता करेगा। इस समझौता ज्ञापन के तहत, राजस्थान का उद्योग

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

विभाग और SIDBI राज्य में MSME को वित्तीय, तकनीकी, विपणन और निर्यात सहायता प्रदान करने के लिए मिलकर काम करेंगे।

- SIDBI के साथ यह साझेदारी राज्य की नवीन समूह आधारित सोच को बढ़ावा देगी।

25. महाराष्ट्र राज्य सरकार ने पीड़ितों को समय पर उपचार प्रदान करने के लिए एक नई सड़क दुर्घटना बीमा योजना शुरू की है जो मृत्यु दर को कम करने में मदद कर सकती है।

नोट: इस योजना का नाम शिवसेना प्रमुख स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे के नाम पर रखा गया है। बालासाहेब ठाकरे दुर्घटना बीमा योजना के तहत, दुर्घटना के शिकार व्यक्ति को दुर्घटना के शुरुआती 72 घंटों में निकटतम अस्पतालों में इलाज प्रदान किया जाएगा।

26. सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को शामिल करते हुए देश भर में खुशी का आकलन करने वाली देश की पहली ऑल इंडिया हैप्पीनेस रिपोर्ट में सबसे खुशहाल राज्य मिजोरम है।

नोट: समग्र रूप से, पूर्वोत्तर भारतीय क्षेत्र के राज्यों ने सर्वेक्षण में अच्छा प्रदर्शन किया है, और मिज़ोरम ने देश में सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच हैप्पीनेस रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है। जोरम, पंजाब, अंडमान, और निकोबार द्वीप समूह राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों की सूची में शीर्ष तीन स्थान पर हैं।

27. दिल्ली राज्य सरकार ने छह वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए पोषण की खुराक और नियमित टीकाकरण सुनिश्चित करने हेतु एक स्वास्थ्य और पोषण हेल्पलाइन शुरू की है।

नोट: हेल्पलाइन, 'सेहत एवं पोषण साथी', NGO इंडस एक्शन के सहयोग से 24X7 चालू रहेगी। 011-41193903 नंबर पर कॉल प्राप्त होने के बाद, DCPCR पर टीम एक-दो दिन के अंदर कॉल करने वाले से संपर्क करेगी और शिकायत दर्ज करेगी।

28. मध्य प्रदेश राज्य सरकार ने पोषण अभियान में स्थानीय निकायों- ग्राम पंचायतों और शहरी निकायों की भागीदारी और नेतृत्व सुनिश्चित करने के लिए 'पोषण सरकार' कार्यक्रम शुरू किया है।

नोट: पोषण सरकार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पोषण अभियान में ग्राम पंचायत और शहरी निकायों की मदद करके कुपोषण को खत्म करना है। इसके तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत, सभी ग्राम पंचायतों / नगर पंचायतों / शहरी निकायों में पोषण प्रस्ताव पारित किया जाएगा।

29. गुजरात राज्य सरकार ने राज्य में महिला समूहों को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान करने वाली योजना मुख्यमंत्री महिला उत्कर्ष योजना (MMUY) शुरू की है।

नोट: इस योजना के तहत, सरकार द्वारा महिलाओं को 1,000 करोड़ रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण देने की उम्मीद है, जो उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगा। 10 महिला सदस्यों वाला प्रत्येक समूह ऋण के लिए पात्र होगा। इस योजना के तहत, बैंकों को ऋणों पर ब्याज का भुगतान सरकार द्वारा किया जाएगा। इससे राज्य के खजाने पर लगभग 170 करोड़ रुपये का बोझ आने की उम्मीद है।

30. गुजरात राज्य सरकार ने दुनिया के पहले कम्प्रेस्ड नेचुरल गैस (CNG) टर्मिनल के लिए एक आशय पत्र (LOI) मंजूर किया।

नोट: इस परियोजना को संयुक्त रूप से यूके स्थित मुख्यालय वाले फोरसाइट ग्रुप, मुंबई स्थित पद्मनाभ मफतलाल ग्रुप और एक नीदरलैंड स्थित संघ द्वारा विकसित किया जाएगा। CNG टर्मिनल के अलावा, निवेशक भावनगर में एक रो-रो टर्मिनल (जहाजों के रोल-ऑन / रोल-ऑफ के लिए), लिक्विड कार्गो टर्मिनल और कंटेनर टर्मिनल भी विकसित करेंगे।

31. अमेजन इंडिया ने कडी, गुजरात में एक ऑल वुमेन डिलीवरी स्टेशन की स्थापना की है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट: डिलीवरी सर्विस पार्टनर द्वारा संचालित नया ऑल-वुमेन डिलीवरी स्टेशन, महिलाओं की जनबल में भागीदारी बढ़ाने के प्रति कंपनी के प्रयासों का हिस्सा है। वर्ष 2016 में, कंपनी ने चेन्नई, तमिलनाडु में अपने पार्टनर के साथ भारत में अपना पहला ऑल-वुमेन डिलीवरी स्टेशन लॉन्च किया था।

32. कर्नाटक राज्य सरकार ने विभिन्न सहकारी संस्थाओं के माध्यम से 39,300 करोड़ रुपये तक का ऋण वितरित करने हेतु "Arthika Spandana" कार्यक्रम शुरू किया।

नोट: इस योजना के तहत, कृषि क्षेत्र में 15,300 करोड़ रुपये वितरित किए जाएंगे, जबकि गैर-कृषि क्षेत्र के लिए 24,000 करोड़ रुपये की राशि निर्धारित की जाएगी।

33. उत्तराखंड राज्य पर्यटन विभाग ने राज्य में साहसिक खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: ITBP संबंधित विभाग के साथ अब टिहरी झील स्थित राजीव गांधी एडवेंचर स्पोर्ट्स अकादमी में लैंड बेस एडवेंचर सेंटर, वाटर बेस एडवेंचर सेंटर, एयरो बेस एडवेंचर सेंटर जैसी साहसिक खेल गतिविधियों का निर्माण करेगा। यह राज्य सरकार या पर्यटन विभाग द्वारा चयनित 200 से अधिक उम्मीदवारों को प्रतिवर्ष नि:शुल्क प्रशिक्षण देगा। अकादमी में संचालन और प्रशिक्षण के लिए सभी व्यवस्थाओं और खर्चों का वहन ITBP द्वारा किया जाएगा।

34. मध्य प्रदेश राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की तर्ज पर 'मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना' शुरू करने की घोषणा की।

नोट: घोषित योजना के तहत, 6,000 रुपये वार्षिक प्राप्त करने वाले प्रधानमंत्री किसान निधि के लाभार्थियों को 4,000 रुपये की अतिरिक्त वित्तीय सहायता मिलेगी, जिससे उनकी कुल वार्षिक सहायता 10,000 रुपये हो जाएगी।

35. असम राज्य सरकार ने राज्य परिवहन विभाग की "मुख्यमंत्री ग्राम्य परिबहन अचोनी योजना" शुरू की है।

नोट: इस योजना के तहत, ग्रामीण संपर्क व्यवस्था को बेहतर बनाने और गांवों में रोजगार उत्पन्न करने के लिए राज्य के सभी गांवों में लाइट मोटर व्हीकल सेवा शुरू की जाएगी। प्रति ग्राम एक लाभार्थी को एक वाहन प्रदान किया जाएगा।

36. राजस्थान राज्य सरकार ने हरिद्वार में गंगा में अपने प्रियजनों की राख को विसर्जित करने हेतु मृतक के परिवार के दो सदस्यों को नि:शुल्क बस यात्रा की अनुमति देने के लिए 'मोक्ष कलश योजना -2020' को मंजूरी दी है।

नोट: इस मोक्ष कलश योजना का उद्देश्य हरिद्वार में गंगा में अपने प्रियजनों की राख को विसर्जित करने हेतु मृतक के परिवार के दो सदस्यों को नि:शुल्क बस यात्रा की अनुमति देना है।

37. तेलंगाना राज्य सरकार एकीकृत भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन हेतु वेब पोर्टल 'धरणी' लॉन्च करेगी।

नोट: पोर्टल राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा विकसित है। सर्वेक्षण संख्या वार पंजीकरण शुल्क को पोर्टल के लॉन्च से पहले निर्धारित किया जाएगा। दस्तावेज लेखकों को तहसीलदार और उप-पंजीयक कार्यालयों में प्रशिक्षण और लाइसेंस दिए जाएंगे। विजयदशमी से पहले सभी प्रकार की संपत्तियों से संबंधित डेटा को पोर्टल में अपलोड किया जाना चाहिए।

38. ओडिशा राज्य सरकार ने कक्षा 8 तक के छात्रों के लिए रेडियो पाठशाला कार्यक्रम शुरू की है।

नोट: इस कार्यक्रम को राज्य के ऑल इंडिया रेडियो स्टेशनों से प्रतिदिन 15 मिनट (10 से 10:15 बजे) तक दस आकाशवाणी केंद्रों से प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम का ऑडियो उन छात्रों के लिए ऑनलाइन DIKSHA प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध कराया जाएगा जिनके लिए इस वर्ष मार्च से स्कूल निषिद्ध हैं।

39. **महाराष्ट्र** राज्य सरकार ने "खुली" सिगरेट और बीड़ी की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया, जिससे वह ऐसा करने वाला पहला भारतीय राज्य बन गया।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट: वर्तमान में महाराष्ट्र कुल सिगरेट बिक्री में लगभग 8-10% योगदान देता है। इस कदम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ग्राहक सिगरेट की पैकेजिंग पर अनिवार्य ग्राफिक, सार्वजनिक स्वास्थ्य चेतावनी देखें।

40. असम राज्य सरकार ने एक नई योजना की घोषणा की है, जिसके तहत उद्यमियों को पर्यटन उद्योग को पुन: शुरू करने के लिए ब्याज सब्सिडी के साथ 20 लाख रुपये तक का ऋण प्रदान किया जाएगा।

नोट: 'पर्यटन संजीवनी योजना' के तहत, नई पहल हेतु इच्छुक स्थानीय युवाओं को 1 लाख रुपये से 20 लाख रुपये के बीच ऋण दिया जाएगा ताकि कोरोनावायरस के संकट के बीच पर्यटन क्षेत्र को एक नया जीवन दिया जा सके। इस योजना के भाग के रूप में, पांच वर्ष के लिए अग्रिम प्रदान किए जाएंगे, जबकि राज्य सरकार पहले वर्ष का ब्याज देगी और पुनर्भुगतान पर एक वर्ष का ऋण स्थगन होगा।

41. महाराष्ट्र राज्य सरकार ने वन अधिकार अधिनियम (FRA), 2006 को संशोधित किया है, जो आदिवासी और अन्य पारंपरिक वनवासी परिवारों को निकटतम वन क्षेत्रों में आवास निर्माण करने में सक्षम बनाएगा।

नोट: इस कदम का उद्देश्य अपने मूल गांवों के बाहर वन-निवास परिवारों के प्रवास को रोकना है और उनके पड़ोस में गांव की जगह को वन भूमि में विस्तारित करके उन्हें आवास क्षेत्र प्रदान करना है। अधिसूचना, एक समुदाय-आधारित संगठन वयम् के निरंतर प्रयासों का परिणाम है, जो पालघर और नासिक जिलों में आदिवासी समुदायों के सशक्तिकरण के लिए काम कर रहा है।

महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. विश्व बैंक द्वारा देशों के व्यापार और निवेश की वार्षिक रैंकिंग में डेटा संग्रह अनियमितताओं की जांच के लिए 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' रिपोर्ट का प्रकाशन रोका गया है।

नोट: विश्व बैंक के अनुसार "अक्टूबर 2017 और 2019 में प्रकाशित डूइंग बिजनेस 2018 और डूइंग बिजनेस 2020 रिपोर्ट में डेटा परिवर्तन में कई अनियमितताएं देखी गई हैं।" विश्व बैंक पिछले पांच डूइंग बिजनेस रिपोर्टों में डेटा परिवर्तनों की एक व्यवस्थित समीक्षा करेगा, और स्वतंत्र ऑडिटर डेटा संग्रह और समीक्षा प्रक्रियाओं की जांच करेंगे।

2. **जापान** COVID-19 से लड़ने के लिए भारत को लगभग 3,500 करोड़ रुपये धनराशि का आधिकारिक विकास सहायता (ODA) ऋण प्रदान कर रहा है।

नोट: जापान ने COVID-19 संकट से लड़ने के लिए COVID-19 संकट आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता हेतु ऋण दिया है। ODA ऋण COVID-19 के खिलाफ लड़ाई में भारत के प्रयासों का समर्थन करेगा। यह भविष्य की महामारियों से निपटने के लिए स्वास्थ्य प्रणाली को तैयार करने में देश की सहायता भी करेगा। यह संक्रामक रोगों के खिलाफ भारत की स्वास्थ्य प्रणालियों में लचीलापन भी लाएगा।

3. यूएई ने एक नया तकनीक संचालित कृषि समुदाय व्यापार और सोर्सिंग ई-मार्केट प्लेटफॉर्म, एग्रिओटा लॉन्च किया है, जो भारत के लाखों ग्रामीण किसानों और उस देश के खाद्य उद्योग के बीच के अंतर को समाप्त करेगा।

नोट: यह दुबई के फ्री जोन दुबई मल्टी कमोडिटीज सेंटर (DMCC) और दुबई सरकार के वस्तु व्यापार एवं उद्यम प्राधिकरण द्वारा शुरू किया गया है। इस पहल से भारतीय किसानों को बिचौलियों को बीच से हटाकर UAE में संपूर्ण खाद्य उद्योग सहित खाद्य प्रसंस्करण कंपनियों, व्यापारियों और थोक विक्रेताओं से जुड़ने में मदद मिलेगी।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

4. नींद की बीमारी को खत्म करने वाला पहला अफ्रीकी देश **टोगो** है।
नोट: टोगो ने पिछले 10 वर्षों में कोई ऐसा मामला दर्ज नहीं किया है। नींद की बीमारी के दो रूप हैं। पहला रूप, ट्रिपैनोसोमा ब्रूसी गैंबिएंस के कारण, पश्चिम और मध्य अफ्रीका के 24 देशों में पाया जाता है और इसके 98% से अधिक मामले होते हैं। दूसरा रूप, ट्रिपैनोसोमा ब्रूसी रोडेसिएंस के कारण, पूर्वी और दक्षिणी अफ्रीका के 13 देशों में पाया जाता है और शेष मामले इसके होते हैं।

5. **भारत-ऑस्ट्रेलिया-जापान,** हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में एक त्रिपक्षीय सप्लाई चेन रिज़ीलिएंस इनिशिएटिव (SCRI) शुरू करेंगे।
नोट: इस पहल से क्षेत्र में मुक्त, पारदर्शी व्यापार और निवेश परिवेश पर ध्यान देने के साथ एक लचीली आपूर्ति श्रृंखला के निर्माण में मदद मिलेगी। जापान द्वारा चीन पर निर्भरता को कम करने के लिए प्रस्तावित है।

6. गूगल ने बांग्लादेश में बाढ़ चेतावनी सेवा लाने के लिए उसके साथ साझेदारी की है।
नोट: अपने आधिकारिक ब्लॉग पर यह घोषणा करते हुए गूगल ने कहा कि इसमें वर्तमान में बांग्लादेश के 40 मिलियन से अधिक लोग शामिल हैं और वह पूरे देश में इसका विस्तार करने पर काम कर रहा है। 65 प्रतिशत से अधिक लोग जिन्हें अग्रिम बाढ़ चेतावनी प्राप्त होती है, वे अपनी और अपनी संपत्ति की सुरक्षा के लिए कार्य करते हैं। कंपनी इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रेड क्रॉस एंड रेड क्रीसेंट सोसाइटीज के साथ भी साझेदारी कर रही है ताकि स्मार्ट फोन न रखने वाले लोगों को सीधे चेतावनी प्रदान की जा सके।

7. **भूटान** ने वर्चुअली आयोजित खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) एशिया एवं प्रशांत क्षेत्रीय सम्मेलन के 35वें सत्र (APRC 35) की अध्यक्षता की।
नोट: सम्मेलन का आयोजन मेजबान देश, भूटान की अध्यक्षता के तहत हुआ। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व किया। सम्मेलन ने COVID 19, कृषि की स्थिति, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, खाद्य सुरक्षा और पोषण जैसी क्षेत्रीय प्राथमिकताओं और मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया।

8. छात्रों के बीच साइबर सुरक्षा पर जागरूकता फैलाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म वाट्सऐप ने **साइबर पीस** साथ भागीदारी की है।
नोट: फेसबुक के स्वामित्व वाले मैसेजिंग प्लेटफॉर्म ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि यह हजारों छात्रों तक पहुंच बनाने वाले 'ई-रक्षा' कार्यक्रम के अंतर्गत वाट्सऐप के साथ उनकी पूर्व की साझेदारी को मजबूत करने का एक प्रयास है। इस साझेदारी से, प्लेटफार्म का लक्ष्य वर्ष 2020 के अंत दिल्ली, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड और महाराष्ट्र सहित पांच राज्यों में लगभग 15,000 छात्रों तक पहुंच बनाना है।

9. किस अंतर्राष्ट्रीय संगठन ने विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए एक नई पुस्तक, "द लिटिल बुक ऑफ ग्रीन नज़" लॉन्च की है।
नोट: पुस्तक का उद्देश्य दुनिया भर के 200 मिलियन छात्रों को पर्यावरण के अनुकूल आदतें और हरित जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। पुस्तक व्यवहार विज्ञान और नज़ थ्योरी पर UNEP का पहला प्रकाशन है, जो मानवीय कार्यों और उन्हें बदलने के तरीके पर केंद्रित है, और बिहेवियरल इनसाइट्स टीम और GRID-एरेंडल के साथ तैयार की गई थी।

10. 2020 के अंत में आयोजित होने वाली G20 शिक्षा मंत्रियों की बैठक की मेजबानी **सऊदी अरब** करेगा।
नोट: सऊदी अरब प्रेसीडेंसी ने G20 की 2020 गतिविधियों के लिए निम्न विषय का चयन किया है: Realizing Opportunities of the 21st Century for All. बैठक की अध्यक्षता सऊदी अरब के शिक्षा मंत्री डॉ. हमद अल-असीख ने की, जिसमें भारत का प्रतिनिधित्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री, रमेश पोखरियाल निशंक ने किया।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

11. **नीदरलैंड** और उसकी आठ कंपनियों के साथ आंध्र प्रदेश सरकार ने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किया है।

नोट: देश की सात कंपनियों और नीदरलैंड सरकार के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री वाई.एस. जगनमोहन रेड्डी की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। ये कंपनियां राज्य सरकार के माध्यम से किसानों की फल, सब्जियां, मछली और जलीय उत्पादों की कटाई, प्रसंस्करण और पैकेजिंग सहित खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में मदद करेंगी।

12. ज़ोल्फ़घर-99, **ईरान** का एक वार्षिक तीन दिवसीय नौसैनिक अभ्यास है जो सामरिक होर्मुज जलडमरूमध्य के पास आयोजित किया गया।

नोट: नौसेना, वायु सेना और थल सेना बलों की इकाइयों ने ओमान की खाड़ी में युद्धाभ्यास में भाग लिया। अभ्यास के दौरान ईरानी पनडुब्बियों और ड्रोन का उपयोग किया गया था। ज़ोल्फ़घर-99 नामक वार्षिक युद्धाभ्यास का उद्देश्य विदेशी खतरों और किसी भी संभावित आक्रमण का सामना करने में तत्परता में सुधार करना था।

13. हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर ध्यान देने के साथ **भारत, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया** ने पहली त्रिपक्षीय वार्ता का आयोजन किया।

नोट: तीन देशों ने बहुपक्षवाद को मजबूत करने और सुधार करने के सर्वोत्तम तरीकों समेत क्षेत्रीय और वैश्विक बहुपक्षीय संस्थानों की प्राथमिकताओं, चुनौतियों और रुझानों पर भी आदान-प्रदान किया। त्रिपक्षीय वार्ता ने हिंद-प्रशांत में शांति, सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय कानून के पालन की गारंटी देने के लक्ष्य को रेखांकित किया।

14. भारत और **जापान** ने दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच पारस्परिकता को बढ़ावा देने वाले रेसिप्रोकल प्रोवीजन ऑफ सप्लाई एंड सर्विसेज पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: इस समझौते पर रक्षा सचिव डॉ. अजय कुमार और जापान के राजदूत श्री सुजुकी सातोशी ने हस्ताक्षर किए। यह समझौता द्विपक्षीय प्रशिक्षण गतिविधियों, संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों, मानवतावादी अंतर्राष्ट्रीय राहत और अन्य परस्पर सहमति वाली गतिविधियों पर कार्य करते हुए रेसिप्रोकल प्रोवीजन ऑफ सप्लाई एंड सर्विसेज में भारत और जापान के सशस्त्र बलों के बीच निकटतम सहयोग हेतु सक्षम ढांचे की स्थापना करता है।

15. अब्राहम एकॉर्ड, जो 26 वर्षों में पहला अरब-इजराइल शांति समझौता था, इस पर **इजराइल, यूएई, बहरीन** ने हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इसकी मेजबानी की थी। संयुक्त अरब अमीरात का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री अब्दुल्ला बिन जायद और बहरीन का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री अब्दुल्लातिफ अल ज़ायनी ने किया। अरब समझौता - इजराइल के साथ द्विपक्षीय समझौता - इजराइल-फिलिस्तीनी संघर्ष का उल्लेख नहीं करता है।

16. चक्रवात 'सैली' किस अमेरिकी तट पर आया था।

नोट: सैली अलबामा, फ्लोरिडा और मिसिसिपी तटों से टकरा सकता है जिससे कुछ स्थानों पर आकस्मिक बाढ़ और 7 फीट तक ऊंची तूफानी लहर उत्पन्न हो सकती हैं। इसकी दुर्बल गति 2017 के हरिकेन हार्वे की याद दिलाती है, जिससे ह्यूस्टन क्षेत्र में कई दिनों तक कई फीट वर्षा हुई थी और भरी नुकसान हुआ था।

17. भारत में किसान आजीविका को बेहतर बनाने में मदद करने के लिए वालमार्ट परोपकारी संघ ने कुल 4.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर की राशि वाले दो नए अनुदानों की घोषणा की।

नोट: नए अनुदान से दो एनजीओ - टैनेजर और PRADAN - को अपने प्रयासों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी, ताकि किसानों को बेहतर उत्पादन और उचित बाजार पहुंच से अधिक कमाने में मदद मिल सके। दोनों अनुदान किसान उत्पादक संगठनों (FPO)

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

के माध्यम से महिला किसानों के लिए अवसरों को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

18. यूके स्थित एयरपोर्ट तथा एयरलाइन रिव्यू कंपनी स्काईट्रैक्स द्वारा "कोविड-19 5-स्टार एयरपोर्ट रेटिंग" से प्रमाणित दुनिया का पहला हवाईअड्डा फियूमिसिनो इंटरनेशनल एयरपोर्ट (FCO), रोम है।

नोट: FCO, जिसे लियोनार्डो दा विंची इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नाम से भी जाना जाता है, इटली का व्यस्ततम हवाई अड्डा है। स्काईट्रैक्स द्वारा स्वच्छता के लिए कोविड-19 रेटिंग प्रक्रियात्मक दक्षता जांच, दृश्यता अवलोकन विश्लेषण और ATP सैंपलिंग टेस्ट के संयोजन पर आधारित थी। फियूमिसिनो एयरपोर्ट ने कोरोनावायरस के प्रसार को कम करने में मदद हेतु स्वच्छता प्रक्रियाओं और अन्य निवारक उपायों के लिए 5-स्टार रेटिंग अर्जित की।

19. लाइबेरिया ने बलात्कार मामलों में वृद्धि के बाद इसे राष्ट्रीय आपातकाल घोषित किया है।

नोट: देश में यौन उत्पीड़न की बढ़ती दर पर ध्यान आकर्षित करने के लिए पिछले महीने राजधानी मोनरोविया में बलात्कार की बढ़ती घटनाओं के खिलाफ हजारों लाइबेरिया वासियों के विरोध प्रदर्शन के बाद यह कदम उठाया गया। सरकार यौन और लिंग आधारित हिंसा पर एक तथाकथित "नेशनल सिक्योरिटी टास्क फोर्स" भी स्थापित करेगी।

20. विमानन कंपनी, एयरबस 2035 तक दुनिया का पहला वाणिज्यिक हाइड्रोजन विमान लॉन्च करेगी।

नोट: कंपनी की तीन अवधारणाओं को कोड नेम ZEROe के तहत पेश किया गया है। उनकी अवधारणाएं इस प्रकार हैं: टर्बोफैन डिजाइन। इसमें 120 से 200 यात्री बैठ सकते हैं और 2000 समुद्री मील से अधिक दूरी तक उड़ान भर सकते हैं। ब्लेंडेड विंग बॉडी डिजाइन। इसमें 200 यात्री बैठ सकते हैं। इसमें विंग विमान के मुख्य भाग में मिल जाते हैं। टर्बोप्रॉप डिजाइन। इस तरह के विमान में 200 यात्री बैठ सकते हैं। यह 1000 से अधिक नॉटिकल मील की चाल से यात्रा करने में सक्षम है। वे कम दूरी की यात्राओं के लिए ठीक हैं।

21. भारत और मालदीव के बीच पहली कार्गो फेरी सेवा शुरू की गई।

नोट: शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (SCI) द्वारा संचालित कार्गो फेरी वेसल MCP लिंज़ भारत में तूतीकोरिन और कोचीन बंदरगाहों को मालदीव में कुलहुधुफ़ुशी और माले बंदरगाहों से जोड़ेगी। MCP लिंज़ एक संयोजन पोत है जो बल्क कार्गो पर 380 टीईयू और 3000 मीट्रिक टन ले जा सकता है, और इसकी यात्राओं का प्रतिवर्तन समय 10-12 दिन होगा।

22. कौन सा देश 12 दिसंबर, 2020 को वैश्विक जलवायु शिखर सम्मेलन की सह-मेजबानी करेगा_____**ब्रिटेन।**

नोट: राष्ट्रीय सरकारों को शिखर सम्मेलन में अधिक महत्वाकांक्षी और उच्च गुणवत्ता वाली जलवायु योजनाएं पेश करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा, जिसमें सरकारी नेताओं के साथ-साथ निजी क्षेत्र तथा नागरिक समाज भी शामिल होंगे। शिखर सम्मेलन 2021 में ग्लासगो में आयोजित होने वाले संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (COP 26) को प्रबल करने का प्रयास है।

23. डेनमार्क के साथ भारत ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ने के लिए ग्रीन स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप की है।

नोट: शिखर सम्मेलन के दौरान, नेताओं ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ने के लिए ग्रीन स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप की है। यह साझेदारी राजनीतिक सहयोग को आगे बढ़ाने, रोजगार सृजन, आर्थिक संबंधों के विस्तार हेतु दोनों देशों के लिए पारस्परिक रूप से लाभप्रद है। यह पेरिस समझौते और संयुक्त राष्ट्र संधारणीय विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित करेगी। साझेदारी को मौजूदा संयुक्त सहकारिता आयोग पर बनाया जाएगा जिस पर 2009 में देशों के बीच हस्ताक्षर किए गए थे।

24. **श्रीलंका** ने हाल ही में मवेशी संहार पर प्रतिबंध लगाया।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट: श्रीलंका एक बौद्ध बाहुल्य देश है, जिस धर्म का पालन करने वाले व्यक्ति देश की कुल आबादी के 70% हैं। उनमें से अधिकांश गोमांस नहीं खाते हैं, क्योंकि वे गायों को पवित्र मानते हैं, जबकि अल्पसंख्यक मुसलमान, जो लगभग 10% हैं, ईसाई और हिंदुओं का एक वर्ग गोमांस का सेवन करता है।

सम्मान एवं पुरस्कार

1. **सत्येंद्र सिंह लोहिया,** प्रतिष्ठित तेनजिंग नॉर्गे एडवेंचर अवार्ड 2020 प्राप्त करने वाले देश के पहले दिव्यांग खिलाड़ी हैं। **नोट:** वह महज 11 घंटे 34 मिनट में अमेरिका में 42 किलोमीटर लंबे कैटेलीना चैनल को पार करने वाले पहले एशियाई दिव्यांग तैराक भी हैं। पैरा-तैराक सत्येंद्र सिंह को विश्व दिव्यांग दिवस पर उप-राष्ट्रपति वेंकैया नायडू द्वारा बेस्ट स्पोर्ट्सपर्सन नेशनल अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया।
2. **राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, हैदराबाद** ने 21वें राष्ट्रीय उत्कृष्ट ऊर्जा प्रबंधन पुरस्कार में 'नेशनल एनर्जी लीडर' और 'एक्सिलेंट एनर्जी एफीशिएंट यूनिट' पुरस्कार जीता।
   नोट: यह कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (CII) और गोदरेज ग्रीन बिजनेस सेंटर (GBC) द्वारा आयोजित किया गया था। यह पुरस्कार 6 से 28 अगस्त, 2020 तक आयोजित 'एनर्जी एफिशिएंसी समिट' वर्चुअल कांफ्रेंस एंड एक्सपोजीशन ऑन एनर्जी एफिशिएंसी के 19वें संस्करण के दौरान दिया गया।
3. महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, **NTPC लिमिटेड** ने अखिल भारतीय प्रबंधन संघ (AIMA) चाणक्य (बिजनेस सिमुलेशन गेम) नेशनल मैनेजमेंट गेम्स (NMG) 2020 जीता।
   नोट: AIMA चाणक्य नेशनल मैनेजमेंट गेम्स एक ऑनलाइन बिजनेस सिमुलेशन गेम है जो प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। चैंपियनशिप का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रतिस्पर्धा में भाग लेने वाले अधिकारियों को एक संगठन के संचालन की जटिलताओं के अनुभव प्राप्त हों और इस प्रतियोगिता से विशेषज्ञता और कौशल का लाभ मिले।यह कॉर्पोरेट प्रबंधकों को प्रतिस्पर्धी माध्यम में व्यवसाय प्रबंधन के रोमांच का सामना करने में सक्षम बनाता है।
4. वर्ष 2019 के लिए **सर डेविड एटेनबरो** को प्रतिष्ठित इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
   नोट: वह एक अंग्रेजी प्रसारक और इतिहासकार है। वह BBC नेचुरल हिस्ट्री यूनिट को लिखने और प्रस्तुत करने के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्होंने ग्रह की जैव विविधता के संरक्षण और सुरक्षा हेतु जागरूकता फैलाने का काम किया।
5. अमेरिकी वैश्विक एयरोस्पेस और रक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी, नॉर्थरॉप ग्रुम्मैन ने अपने अगले साइग्नस कैप्सूल का नाम भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री **कल्पना चावला** के नाम पर रखने की घोषणा की है।
   नोट: एक अमेरिकी वैश्विक एयरोस्पेस और रक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी नॉर्थरॉप ग्रुम्मैन ने घोषणा की कि उसके अगले साइग्नस कैप्सूल का नाम मिशन विशेषज्ञ की याद में "एस.एस. कल्पना चावला" होगा जिनका 2003 में अंतरिक्ष यान कोलंबिया में सवार अपने छह साथियों के साथ निधन हो गया था।
6. वेनिस फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट स्क्रीनप्ले पुरस्कार जीतने वाले भारतीय फिल्म निर्माता **चैतन्य तम्हाणे हैं।**
   नोट: चीनी-अमेरिकी फिल्म निर्मात्री च्लोए झाओ ने अपने नाटक नोमैडलैंड के लिए प्रतिष्ठित गोल्डन लायन का शीर्ष पुरस्कार जीता। ज्यूरी की अध्यक्षता दो बार की ऑस्कर विजेता केट ब्लैंचेट ने की। तम्हाणे, मीरा नायर के बाद एक यूरोपियन फिल्म फेस्टिवल की मुख्य श्रेणी में प्रतिस्पर्धा करने वाले देश के पहले निर्देशक बने।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

7. आदित्य पुरी को यूरोमनी अवार्ड्स ऑफ एक्सीलेंस 2020 द्वारा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

नोट: प्रकाशन ने ऐसे समय, जब कोई समतुल्य संस्थान मौजूद नहीं है, पर विश्व स्तरीय भारतीय बैंक के निर्माण में उनके कौशल को सम्मानित किया। बैंकिंग में उनके शानदार कैरियर के सम्मान में वैश्विक वित्तीय पत्रिका से प्रतिष्ठित सम्मान अगले महीने उनकी सेवानिवृत्ति से ठीक पहले प्राप्त हुआ है।

8. उदित सिंघल को संधारणीय विकास लक्ष्यों (SDG) के लिए 2020 क्लास ऑफ 17 यंग लीडर्स में नामित किया गया है।

नोट: उन्हें संधारणीय विकास लक्ष्यों को बढ़ावा देने वाले युवा नेताओं की 2020 की सूची में रखा गया है। उदित सिंघल एक पहल Glass2Sand के संस्थापक हैं, जो दिल्ली में कांच के अपशिष्ट की चुनौती से निपटने के लिए एक जीरो-वेस्ट इकोसिस्टम पर आधारित है।

9. मार्गगेट एटवुड को 2020 डेटन लिटरेरी पीस प्राइज से सम्मानित किया गया।

नोट: एटवुड को 2020 रिचर्ड सी. हॉलब्रुक डिस्टिंगग्विश्ट अचीवमेंट अवार्ड मिलेगा। उन्हें पुरस्कार राशि के रूप में 10,000 डॉलर प्राप्त हुए। यह पुरस्कार दुनिया भर में शांति, सामाजिक न्याय और समझ उत्पन्न करने के लिए साहित्य की शक्ति की प्रशंसा करता है।

10. नरेंद्र मोदी को चिकित्सा शिक्षा के लिए Ig नोबेल पुरस्कार 2020 से सम्मानित किया गया।

नोट: उन्हें "कोविड-19 महामारी का उपयोग दुनिया को यह सिखाने में करने कि वैज्ञानिकों और डॉक्टरों की तुलना में राजनेता जीवन और मृत्यु पर अधिक तत्काल प्रभाव डाल सकते है" प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री मोदी Ig नोबेल पुरस्कार से सम्मानित होने वाले दूसरे भारतीय प्रधान मंत्री हैं। इससे पहले 1998 में अटल बिहारी वाजपेयी को सम्मानित किया गया था।

11. भारतीय फिल्म द डिसाइपल ने 45वें टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में एम्प्लीफाय वॉइस अवार्ड जीता

नोट: इसने इवोरियन निर्देशक फिलिप लैकोट की "नाइट ऑफ द किंग्स" के साथ पुरस्कार साझा किया। अमेरिकी-चीनी निर्देशक लोए झाओ के "नोमैडलैंड" (वेनिस गोल्डन लॉयन विजेता) ने प्रतिष्ठित TIFF पीपुल्स च्वाइस अवार्ड जीता, जिसे ऑस्कर अवार्ड्स का भविष्यवक्ता माना जाता है।

12. फिल्म **आवृथि** ने IFFT-ऑरेंज शॉर्ट एंड डॉक्यूमेंट्री फिल्म फेस्टिवल के समापन समारोह में सर्वश्रेष्ठ फिल्म की ट्रॉफी जीती, जो ऑरेंज एकेडमी और IFFT द्वारा त्रिशूर, केरल से संयुक्त रूप से आयोजित किया गया।

नोट: "आवृथि" (बाड़) को निर्देशक धर्मन और अरुण शेखर के लिए क्रमशः बेस्ट डायरेक्टर और बेस्ट सिनेमैटोग्राफी का पुरस्कार मिला। गोकुल अंबत की "ब्लैक मार्क" को दूसरी सर्वश्रेष्ठ फिल्म घोषित किया गया, जबकि किरण केआर ने "एटम" के लिए बेस्ट एडिटर का पुरस्कार जीता। सर्वश्रेष्ठ साउंड डिज़ाइनर का पुरस्कार "21 डेज़" के लिए शज्जु एम और सोनी जेम्स को मिला।

13. सोनू सूद को संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) द्वारा प्रतिष्ठित SDG स्पेशल ह्यूमैनिटेरियन एक्शन अवार्ड से किसे सम्मानित किया गया

नोट: उन्हें निःस्वार्थ भाव से मदद करने और लाखों प्रवासियों, विदेशों में फंसे छात्रों को उनके घरों में वापस भेजने के लिए पुरस्कार मिला। इसके अलावा, वह छोटे बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा और चिकित्सा सुविधाएं भी प्रदान कर रहे हैं और COVID-19 महामारी को देखते हुए जरूरतमंदों को नि:शुल्क रोजगार के अवसर उत्पन्न कर रहे हैं।

14. उषा मंगेशकर को वर्ष 2020-21 के लिए 'गानसम्राज्ञी लता मंगेशकर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट: इस पुरस्कार में पांच लाख रुपये का नकद पुरस्कार और एक प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। इसकी स्थापना वरिष्ठ मुखर कलाकारों के सम्मान और उनके योगदान के लिए की गई है। यह पुरस्कार राज्य सरकार के सांस्कृतिक विभाग द्वारा दिया जाता है। उषा मंगेशकर लता मंगेशकर की सबसे छोटी बहन हैं।

15. विकास खन्ना को कोविड-19 महामारी के दौरान भारत भर में लाखों लोगों को खाना खिलाने के लिए प्रतिष्ठित 2020 एशिया गेम चेंजर अवार्ड से किसे सम्मानित किया गया

नोट: कोविड-19 महामारी के बीच एक विशाल खाद्य वितरण अभियान के माध्यम से भारत भर में लाखों लोगों को खाना खिलाने के लिए उन्हें सम्मानित किया गया, जो उन्होंने हजारों मील दूर अपने मैनहटन स्थित घर से संचालित किया था। खन्ना (48 वर्षीय) अग्रणी संगठन द्वारा नामित छह सम्मानित व्यक्तियों में से एकमात्र भारतीय हैं।

खेल समाचार

1. जयंती बेहरा जिन्हें ओडिशा में बीजू पटनायक खेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया **पैरा-एथलेटिक** से संबंधित हैं।

   नोट: भारतीय महिला हॉकी टीम की डिफेंडर दीप ग्रेस एक्का और पैरा-एथलीट जयंती बेहरा को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बीजू पटनायक खेल पुरस्कार दिया गया। दोनों को दो-दो लाख रुपये के नकद पुरस्कार के साथ प्रशस्ति पत्र दिया गया।

2. साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (CFI) **वर्ष 2021** में पहली साइक्लिंग समिट आयोजित करेगी।

   नोट: साइक्लिंग समिट 2021 में साइकिल चालक, एथलीट, फिटनेस और खेल समर्थक, साइक्लिंग कोच, स्वास्थ्य तथा पोषण विशेषज्ञ और प्रभावशाली व्यक्ति शामिल होंगे। समिट में स्वदेशी और वैश्विक ब्रांड भी होंगे जो स्वास्थ्य, फिटनेस और साइक्लिंग समर्थकों की आवश्यकताओं का ध्यान रखेंगे। समिट द्वारा प्रत्येक शहर में लगभग 25,000 लोगों को आकर्षित करने का अनुमान है।

3. पिछले 7 वर्षों में किसी ग्रैंड स्लैम में एकल का मुख्य ड्रॉ मैच जीतने वाले पहले भारतीय **सुमित नागल** हैं।

   नोट: वह यूएस ओपन के पहले दौर में अमेरिका के ब्रैडली क्लान को 6-1, 6-3, 3-6, 6-1 से हराकर यूएस ओपन टेनिस के दूसरे दौर में पहुंचे। उनसे पहले, सोमदेव देववर्मन वर्ष 2013 में ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन के दूसरे दौर में पहुंचने वाले अंतिम खिलाड़ी हैं। अब दूसरे दौर में वह ऑस्ट्रिया के डोमिनिक थिएम का सामना करेंगे।

4. प्रतिष्ठित एनुअल वर्ल्ड ओपन ऑनलाइन चेस टूर्नामेंट **पी. इनियन** ने जीता।

   नोट: उन्होंने छह जीत और तीन ड्रॉ के साथ संभावित 9 में से 7.5 अंक हासिल किए और शीर्ष पर रहे। वार्षिक प्रतियोगिता का 48वां संस्करण 7 से 9 अगस्त तक ऑनलाइन आयोजित किया गया था।

5. **इंग्लैंड के** प्रसिद्ध क्रिकेटर, इयान बेल ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से अपने सन्यास की घोषणा की।

   नोट: उन्होंने 2004 में पदार्पण किया। उन्होंने इंग्लैंड के लिए 118 टेस्ट, 161 एकदिवसीय और 8 T20I खेले। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करने के लिए वर्ष 2015 में एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। उन्होंने सात में से पांच एशेज श्रृंखला जीतीं। वह 2013 की श्रृंखला में प्लेयर ऑफ द सीरीज थे, जिसमें उन्होंने 62.44 की औसत से 562 रन बनाए।

6. इटली के ऑटोड्रोमो नाज़ियोनेल मोंज़ा में आयोजित फॉर्मूला वन इटैलियन ग्रैंड प्रिक्स 2020 **पियरे गैसली** ने जीता।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट: यह उनकी पहली ग्रैंड प्रिक्स जीत है। कार्लोस सैंज जूनियर (मैक्लारेन, स्पेन) दूसरे स्थान पर रहे, उनके बाद लैंस स्ट्रोल (रेसिंग प्वाइंट, कनाडा) तीसरे स्थान पर रहे। लुईस हैमिल्टन 10 सेकंड की स्टॉप एंड गो पेनल्टी के चलते 7वें स्थान पर रहे।

7. ईरान की मरयम हाशमी के डोप परीक्षण में विफल होने के बाद वुशु विश्व चैंपियन का ताज **पूनम खत्री** को पहनाया गया है।

नोट: ईरान की मरयम हाशमी के डोप टेस्ट में विफल होने के बाद उनका पदक परिवर्तित किया गया। मरियम ने पिछले वर्ष अक्टूबर में इस चैम्पियनशिप में महिला सैंडा प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने फाइनल में पूनम को 75 किग्रा वर्ग में हराया था जो चीन में आयोजित हुआ था।

8. 2020 यूएस ओपन टूर्नामेंट में पुरुष एकल का खिताब **डोमिनिक थिएम** ने जीता।

नोट: थिएम 2004 फ्रेंच ओपन में गैस्टन गाडियो के बाद दो सेट हारकर ग्रैंड स्लैम खिताब पर कब्जा करने वाले पहले खिलाड़ी भी हैं। छह वर्ष में पहली बार, यूएस ओपन में पहली बार ग्रैंड स्लैम चैंपियन था।

9. जापान की **नाओमी ओसाका** ने 2020 यूएस ओपन टूर्नामेंट में **विक्टोरिया अजारेंका को** हराकर महिलाओं का एकल खिताब जीता।

नोट: ओसाका ने इससे पहले 2018 यूएस ओपन और 2019 ऑस्ट्रेलियन ओपन में खिताब जीता था। वह अब तीन ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने वाली पहली एशियाई खिलाड़ी हैं। इस जीत ने ओसाका को विश्व रैंकिंग में नंबर 3 पर पहुंचा दिया है।

10. फॉर्मूला वन ड्राइवर **सेबेस्टियन वेटल** अगले सीज़न में रेसिंग प्वाइंट के लिए ड्राइव करेंगे।

नोट: चार बार के फॉर्मूला वन चैंपियन सेबेस्टियन वेटल अगले सीजन की शुरुआत से रेसिंग प्वाइंट के लिए ड्राइव करेंगे। टीम, जिसका नाम बदलकर एस्टन मार्टिन रखा जाएगा। टीम ने कहा कि वेटल ने 2021 सीज़न और "उसके बाद" के लिए अनुबंध किया है, लेकिन अनुबंध की अवधि का खुलासा नहीं किया।

11. फॉर्मूला वन (F1) टस्कन ग्रैंड प्रिक्स 2020 **लुईस हैमिल्टन** ने जीता।

नोट: यह हैमिल्टन की सीजन की छठी और उनके करियर की 90वीं F1 जीत थी। F1 टस्कन ग्रैंड प्रिक्स 2020 में मर्सिडीज के रेसर वाल्टेरी बोटास (फिनलैंड) ने दूसरा स्थान हासिल किया, इसके बाद अलेक्जेंडर एल्बोन (रेड बुल-थाईलैंड) रहे। यह टस्कन ग्रैंड प्रिक्स का पहला संस्करण था और F1 2020 की 9वीं रेस थी।

12. बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन द्वारा थॉमस और उबेर कप 2020 को अगले वर्ष तक स्थगित कर दिया गया, यह टूर्नामेंट **डेनमार्क** में आयोजित किया जाना था।

नोट: भारत ने 3 से 11 अक्टूबर तक आर्हस, डेनमार्क में होने वाली प्रतिष्ठित प्रतिस्पर्धा के लिए पुरुष और महिला दोनों टीमों की घोषणा की थी। हालांकि, इंडोनेशिया और दक्षिण कोरिया के बाद शुक्रवार को थाईलैंड, ऑस्ट्रेलिया, चीनी ताइपे और अल्जीरिया के खतरनाक बीमारी के कारण बाहर निकलने से खेल के शासी निकाय ने परिषद की एक वर्चुअल आपातकालीन बैठक आयोजित की।

13. अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ (ITF) ने **फेड कप** टेनिस टूर्नामेंट का नाम बदलकर 'बिली जीन किंग कप' किया।

नोट: बिली जीन किंग महिला टेनिस के अग्रदूत थीं जिन्होंने अमेरिका की ITF की प्रथम प्रतियोगिता जीतने में मदद की। बिली जीन किंग कप, प्रतिस्पर्धा में शामिल होने वाले देशों की संख्या के मामले में दुनिया की सबसे बड़ी वार्षिक महिला अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता है।

14. लुईस हैमिल्टन ने F1 टस्कन ग्रैंड प्रिक्स 2020 जीता।

नोट: लुईस हैमिल्टन ने मुगेलो सर्किट, इटली में अपनी 90वीं फॉर्मूला वन जीत हासिल करके टस्कन ग्रैंड प्रिक्स जीती और वह माइकल शूमाकर के रिकॉर्ड से एक स्थान पीछे हैं। यह उनकी सत्र की छठी और

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

उनके करियर की 90वीं F1 जीत थी। वाल्टेरी बोटास दूसरे स्थान पर और उनके बाद अलेक्जेंडर एल्बोन तीसरे स्थान पर रहे।

15. नोवाक जोकोविच ने पुरुष एकल इतालवी ओपन खिताब 2020 जीता।

नोट: नोवाक जोकोविच ने अर्जेंटीना के डिएगो श्वार्ट्जमैन को 7-6, 5-3 से हराकर 2020 पुरुष एकल इतालवी ओपन खिताब और अपना पांचवां रोम खिताब को जीता। महिला एकल में, सिमोना हालेप ने चैंपियन कैरोलिना प्लिस्कोवा को 6-0, 2-1 से हराकर अपना पहला इतालवी ओपन खिताब जीता।

16. महिला एकल इतालवी ओपन खिताब 2020 सिमोना हालेप ने जीता।

नोट: नोवाक जोकोविच ने अर्जेंटीना के डिएगो श्वार्ट्जमैन को 7-6, 5-3 से हराकर 2020 पुरुष एकल इतालवी ओपन खिताब और अपना पांचवां रोम खिताब को जीता। महिला एकल में, सिमोना हालेप ने चैंपियन कैरोलिना प्लिस्कोवा को 6-0, 2-1 से हराकर अपना पहला इतालवी ओपन खिताब जीता।

17. एश्ले बार्टी ने ब्रुकवाटर गोल्फ क्लब महिला टेनिस चैंपियनशिप 2020 जीता।

नोट: 24 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी, जिन्होंने टेनिस से एक वर्ष बाहर रहने के दौरान पेशेवर क्रिकेट खेला, ने महामारी के कारण यू.एस. ओपन के लिए या रोलैंड गैरोस में अपने टाइटल डिफेंड के लिए घर नहीं छोड़ने का फैसला किया।

18. सोची ऑटोड्रोम, रूस में आयोजित फॉर्मूला वन रूसी ग्रैंड प्रिक्स 2020 वाल्टेरी बोटास ने जीता

नोट: मैक्स वेर्स्टाप्पेन (रेड बुल-नीदरलैंड) दूसरे स्थान पर रहे और 6 बार के विश्व चैंपियन लुईस हैमिल्टन (मर्सिडीज-ग्रेट ब्रिटेन) पेनाल्टी के कारण तीसरे स्थान पर रहे।

पुस्तकें एवं लेखक

1. बच्चों के लिए पहला समाचारपत्र 'द यंग माइंड्स' असम राज्य में शुरू किया गया है।

नोट: शेष रूप से बच्चों के लिए बनाया गया समाचार पत्र नीलम सेठिया और नेहा बजाज के दिमाग की उपज है। द यंग माइंड्स, कथित तौर पर, 4-14 वर्ष की आयु के बच्चों की जरूरतों के हिसाब से बनाया गया है।

2. बच्चों की पिक्चर बुक "द बिग थॉट्स ऑफ लिटिल लव" के लेखक **करण जौहर** हैं।

नोट: पुस्तक का प्रकाशन जुगरनट बुक्स द्वारा किया जाएगा। पुस्तक जुड़वां भाईयों लव और कुशा की कहानी का वर्णन करती है और माता-पिता के सामने आई चुनौतियों और माता-पिता द्वारा उन्हें उठाते समय लड़के तथा लड़कियों के बीच अंतर के बारे में बताती है।

3. 'द कॉमनवेल्थ ऑफ क्रिकेट: ए लाइफलॉन्ग लव अफेयर विद द मोस्ट सटल एंड सोफिस्टिकेटेड गेम नोन टू ह्यूमनकाइंड' पुस्तक के लेखक **रामचंद्र गुहा** हैं।

नोट: पुस्तक भारत में सभी स्तरों पर खेल (क्रिकेट) के पूरे क्षेत्र का चित्रण करती है और स्थानीय नायकों, प्रांतीय प्रतीक और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों की झलक प्रस्तुत करती है। पुस्तक हार्पर कॉलिन्स इंडिया और विलियम कॉलिन्स द्वारा सह-प्रकाशित की जाएगी।

4. दिसंबर, 2020 में विमोचित होने वाली पुस्तक "लेट अस ड्रीम" के लेखक **पोप फ्रांसिस** हैं।

नोट: पुस्तक दुनिया भर में कोरोना वायरस प्रकोप के बाद के हफ्तों में पोप फ्रांसिस और उनके जीवनी लेखक ऑस्टेन इवरेघ के बीच वार्तालाप का एक परिणाम होगी। ऑस्टेन इवरेघ ब्रिटेन से बाहर एक रोमन कैथोलिक पत्रकार, टीकाकार, लेखक हैं।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

5. 'इनवर्टोनॉमिक्स: 8 आइडिया टू ट्रान्सफॉर्म इंडिया' पुस्तक के लेखक **गूनमीत सिंह चौहान** हैं।
नोट: पुस्तक भारत की 8 विशेष मूलभूत समस्याओं जैसे सामाजिक असमानता, वायु प्रदूषण, स्वच्छता, सुरक्षित शहर, महिला सशक्तिकरण और बिगड़ती ग्रामीण अर्थव्यवस्था आदि को हल करने के लिए व्यावहारिक विचार और मॉडल प्रस्तुत करती है। इसे हार्पर कॉलिन्स इंडिया द्वारा प्रकाशित किया गया था।

6. 'ब्रेकिंग द कोकून @ 40' पुस्तक की लेखिका **राधा नायर** हैं।
नोट: यह उनके जीवन की चुनिंदा घटनाओं का एक मनोहर संग्रह है, जिसमें घटनाओं के घटित होने के समय का दर्पण भी है। अपने भाई के सुझाव पर कार्य करते हुए, राधा ने विज्ञापन एजेंसी में एक महत्वाकांक्षी व्यापारी के रूप में काम करने के अपने अनुभव के बारे में लिखने का फैसला किया।

7. "माई लाइफ इन डिजाइन" नामक पुस्तक गौरी खान ने लिखी है।
नोट: यह एक कॉफी-टेबल बुक है, जिसमें गौरी ने एक डिजाइनर के रूप में अपने सफर के बारे में लिखा है। पुस्तक में उनके इंटीरियर डिजाइन प्रॉजेक्ट, परिवार और आवास की अनदेखी तस्वीरें होंगी। वह अपने डिजाइन फिलासफी और स्टाइल के बारे में भी बात करेंगी। यह पुस्तक विशेष तस्वीरों और जानकारियों के साथ देखने में बहुत ही आकर्षक होगी, जो आकांक्षी डिजाइनरों या वे जो केवल डिजाइन कला में रुचि रखते हैं, का मार्गदर्शन करेगी।

8. 'आजादी: फ्रीडम. फासिज़्म. फिक्शन' नामक पुस्तक की लेखिका अरुंधति राय हैं।
नोट: पुस्तक पेंगुइन बुक्स लिमिटेड द्वारा प्रकाशित की गई है। लेखिका अपनी पुस्तक के माध्यम से विशेष रूप से कोरोनावायरस महामारी के समय बढ़ते सत्तावाद की दुनिया में आजादी के अर्थ पर विचार करने की लोगों को चुनौती देती हैं। उन्हें अपने उपन्यास 'द गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्स' के लिए 1997 बुकर प्राइज़ से सम्मानित किया गया था।

9. 'एंड ऑफ ए एरा, इंडिया एग्जिट तिब्बत' नामक पुस्तक **क्लाउडे अर्पी** ने लिखी है।
नोट: पुस्तक में 1947 और 1962 के बीच भारत तिब्बत संबंध को विशिष्ट रूप से दर्शाती है। यह तिब्बत में अपना समस्त प्रभाव खो देने वाले भारत पर भी केंद्रित है। यह नेहरू मेमोरियल लाइब्रेरी के कागजात, विवर्गीकृत भारतीय और चीनी दस्तावेजों और व्यक्तिगत साक्षात्कारों को दर्शाती है।

10. "किचन ऑफ ग्रैटीट्यूड" पुस्तक विकास खन्ना ने लिखी है।
नोट: इस पुस्तक में वे अपनी फीड इंडिया पहल के बारे में बताएंगे, जो दुनिया की सबसे बड़ी खाद्य पहलों में से एक है, यह पहल कोविड-19 महामारी के बीच वंचितों को भोजन प्रदान करती है, पब्लिशिंग हाउस पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया द्वारा यह कहा गया। पुस्तक, "किचन ऑफ ग्रैटीट्यूड", 2021 में 'ईबरी प्रेस' इम्प्रिंट के तहत जारी की जाएगी।

11. "वॉइस ऑफ डिसेंट" पुस्तक की लेखिका रोमिला थापर हैं।
नोट: पुस्तक एक ऐतिहासिक निबंध है, जिसमें नागरिकता कानून और नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटीजन से संबंधित देश में हाल ही में हुए विरोध प्रदर्शनों पर विशेष ध्यान देने के साथ विरोध की अभिव्यक्ति और इसके विशिष्ट रूपों पर सार्वजनिक प्रतिक्रिया सहित विरोध की खोज की गई है। रोमिला थापर लखनऊ, उत्तर प्रदेश की रहने वाली हैं। उनकी रचनाओं में 'ए हिस्ट्री ऑफ इंडिया' (1966), इंटरप्रेटिंग अर्ली इंडिया (1992), अर्ली इंडिया: द ऑरिजिन टू एडी 1300 (2003) शामिल हैं।

12. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा विमोचित 'ए बुके ऑफ फ्लावर्स' पुस्तक की लेखिका डॉ. कृष्णा सक्सेना हैं।
नोट: डॉ. कृष्णा सक्सेना 1955 में उत्तर प्रदेश के लखनऊ से पीएचडी करने वाली पहली महिला हैं।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

पुस्तक पाठकों को अपना सफर तय करने और अपने निजी अहसास तक पहुंचने और उससे प्रेरित होने के लिए तैयार की गई है।

13. 'सच कहूं तो' पुस्तक पुरस्कार विजेता अभिनेत्री नीना गुप्ता का संस्मरण है।

नोट: संस्मरण, 'सच कहूं तो' दिल्ली के करोल बाग में बचपन से और राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में उनके जीवन, 1980 के दशक में बॉम्बे जाने और साथ ही साथ काम प्राप्त करने के उसके संघर्ष का कालक्रम से अभिलेखन है। इसे पेंगुइन 'ईबरी प्रेस' इम्प्रिंट के तहत प्रकाशित किया जाएगा।

विज्ञान एवं रक्षा

1. भारतीय रेलवे द्वारा COVID-19 रोगियों को भोजन और दवाई पहुंचाने में मदद करने के लिए विकसित रिमोट-नियंत्रित मेडिकल ट्रॉली का नाम **MEDBOT** है।
   नोट: कोरोना संकट के दौरान, लोगों को परिवहन सुविधाएं और खाद्यान्न जैसी आवश्यक वस्तुएं प्रदान करने के अलावा, भारतीय रेलवे ने COVID-19 रोगियों के लिए भी सुविधाएं प्रदान की हैं। यह भारतीय रेल के डीजल रेल इंजन कारखाने के केंद्रीय अस्पताल में सेवा प्रदान कर रही है।
2. **सेंट्रल मैकेनिकल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट, दुर्गापुर** ने विश्व का सबसे बड़ा सौर वृक्ष विकसित किया है।
   नोट: सौर वृक्ष की वार्षिक क्षमता स्वच्छ और हरित ऊर्जा की 12,000-14,000 इकाइयां बनाने की है, जबकि इसकी स्थापित क्षमता 11.5 kWp से ऊपर है। सौर वृक्ष को इस तरह से तैयार किया गया है कि इसका प्रत्येक सौर पीवी पैनल अधिकतम रूप में सूर्य के प्रकाश में हो। एक सौर वृक्ष में 35 सोलर पीवी पैनल होते हैं जिनमें से प्रत्येक में 330 wp की क्षमता होती है।
3. भारत ने रूस के साथ सामरिक मलक्का जलडमरूमध्य के पास अंडमान सागर में द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास, इंद्र 2020 आयोजित करने का फैसला किया है।
   नोट: कुछ विमानों सहित तीन रूसी नौसैनिक जहाज भारतीय नौसेना के इतने ही जहाजों के साथ अभ्यास में भाग लेंगे। COVID-19 के कारण सभी निलंबित अभ्यासों के बाद यह पहला द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास है।
4. **IIT बॉम्बे** के छात्रों ने एक मुफ्त मोबाइल स्कैनर एप्लीकेशन "AIR स्कैनर" लॉन्च किया है।
   नोट: एप्लिकेशन पीडीएफ में स्कैन किए गए डॉक्यूमेंट को सेव करता है और सीधे डिवाइस में स्टोर करता है। AI (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) आधारित रीडिंग असिस्टेंट और डॉक्यूमेंट स्कैनर ऐप रोहित कुमार चौधरी और कविन अग्रवाल द्वारा विकसित किया गया है।
5. आईआईटी दिल्ली ने N95 मास्क को कीटाणुशोधित करने के लिए ChakrDeCoV नामक एक विशेष कीटाणुशोधन डिवाइस लॉन्च की है।
   नोट: ChakrDeCoV डिवाइस को कैबिनेट के आकार में बनाया गया है। ChakrDeCoV को एक नवीन परिशोधन तंत्र के साथ बनाया गया है, जो N95 मास्क के छिद्रों की सफाई हेतु ओजोन गैस की उच्च भेद्यता का उपयोग करता है और इसकी जटिल परतों को पूरी तरह से कीटाणुशोधित करता है।
6. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने **ध्वनि की चाल से छह गुना** चाल से चलने वाले एक हाइपरसोनिक टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर व्हीकल (HSTDV) का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है।
   नोट: परीक्षण ओडिशा के तट से दूर व्हीलर द्वीप में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम लॉन्च कॉम्प्लेक्स से किया गया था। अब, भारत हाइपरसोनिक टेक्नोलॉजी का विकास और सफल परीक्षण करने वाले संयुक्त राज्य

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

अमेरिका, रूस और चीन जैसे देशों के समूह में शामिल हो गया है।

7. हाल ही में, शोधकर्ताओं की एक टीम ने **शुक्र** ग्रह पर फॉस्फीन गैस के संकेत प्राप्त किए हैं जो पृथ्वी पर रहने वाले जीवों से संबंधित है।

नोट: फॉस्फीन गैस पृथ्वी पर रहने वाले जीवों से संबंधित है। टीम ने शुक्र की सतह से लगभग 60 किमी दूर ऊपरी बादल परत का निरीक्षण करने के लिए हवाई और चिली के अटाकामा मरुस्थल में टेलिस्कोप का उपयोग किया। उन्हें एक ज्वलनशील गैस फॉस्फीन संकेत मिले, जो पृथ्वी पर कार्बनिक पदार्थों के खराब होने से उत्पन्न होती है।

8. भारत ने किस अमेरिका के साथ 10वीं डिफेंस टेक्नोलॉजी एंड ट्रेड इनिशिएटिव (DTTI) समूह बैठक का आयोजन किया।

नोट: बैठक की सह-अध्यक्षता रक्षा मंत्रालय की ओर से रक्षा उत्पादन सचिव श्री राज कुमार और यूएस डिपार्टमेंट ऑफ डिफेंस की ओर से अंडर सेक्रेटरी ऑफ डिफेंस फॉर ऐक्विजीशन एंड सस्टेनमेंट एलेन एम. लॉर्ड ने की थी। बैठक के दौरान, सह-अध्यक्षों ने स्टेटमेंट ऑफ इंटेंट (SOI) पर हस्ताक्षर किए, जो अनेक विशिष्ट DTTI प्रॉजेक्ट पर विस्तृत योजना बनाकर और औसत दर्जे की प्रगति करके रक्षा प्रौद्योगिकी सहयोग पर संवाद को मजबूत करने के लिए अपना उद्देश्य प्रकट करता है।

9. हेल्महोल्ट्ज ज़ेंट्रम मुंचेन और टेक्निकल यूनिवर्सिटी ऑफ म्युनिक (TUM) विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने दुनिया का सबसे छोटा अल्ट्रासाउंड डिटेक्टर विकसित किया।

नोट: यह एक सिलिकॉन चिप के ऊपर स्थित लघु फोटोनिक सर्किट पर आधारित है। एक औसत मानव बाल की तुलना में 100 गुना छोटे आकार वाला नया डिटेक्टर उन विशेषताओं को भी देख सकता है जो पूर्व संभावना की तुलना में बहुत छोटे हैं, जिसके कारण इसे सुपर-रिज़ॉल्यूशन इमेजिंग के रूप में जाना जाता है।

----------0----------

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

gradeup

Gradeup Green Card

Features:

- 700 + Full-length Mocks
- 35+ Bank & Insurance Exams Covered
- Tests Available in English & Hindi
- Performance Analysis & All India Rank
- Previous Year Question Papers in Mock Format
- Available on Mobile & Desktop

GET IT ON Google Play

www.gradeup.co